जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 15 ❖ अंक 10 ❖ मार्च 2025 ❖ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति





हास्यम-2025 कवि सम्मेलन एवं होली स्नेह मिलन हर्षोल्लास से सम्पन्न



कलिकाल के देवता हैं राम भक्त **हनुमान**



जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टि



सनातन का संदेश देता है भारतीय नववर्ष

**शीतला अष्टमी, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी व हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ**



64 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...
माहेश्वरी चाय
माहेश्वरी चाय
आपके कप की चाय
हर सुबह की खुशनुमा शुरूआत
माहेश्वरी चाय के साथ
CTC DUST
दानेदार चाय
आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय
माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि. जयपुर
फोन : 0141 - 2740919, 2312723
contact@maheshwaritea.com | www.maheshwaritea.com
Follow Us : www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

वर्ष 15 | अंक 10 | मार्च, 2025
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

**परामर्श मंडल**
बृजमोहन बाहेती
विमलकिशोर सारड़ा
अखिल माहेश्वरी (शकुन ग्रुप)
सत्यनारायण सारड़ा
प्रभा सिंघी
सूर्यप्रकाश लाहोटी
श्यामसुन्दर झंवर (लालगढ़)
राजेन्द्र गट्टाणी
सुरेन्द्र बजाज

**मीडिया संयोजक**
किशन राठी

**सह-संपादक**
संदीप कचोलिया
जयन्त बाहेती
महेश मालपानी
पंकज चिंतलांग्या (बीलवा)
श्रीलाल राठी
विष्णु बियानी
कमल पेड़ीवाल
पवन फलोड़
विमल लढ्ढा

**संपादकीय टीम**
कमल किशोर मूंदड़ा
रोहित केला
सुभाष तोतला
संजय भूतड़ा
विनय तोतला
लीलाधर बजाज
गगन साबू
सुनीता जैथलिया
सीमा झंवर
सुनीता पेड़ीवाल
सरिता मोहता
सुमन सामरिया
मेघा बियानी

**विज्ञापन सहसंयोजक**
पंकज कालानी

**विज्ञापन संकलन टीम**
श्यामसुन्दर मूंदड़ा
सुमित काबरा (काबरा ऑप्टिकल)
नवनीत आगीवाल
शिव मूंदड़ा
संदीप सारड़ा
बृजकिशोर सामरिया
महावीर बियानी

मनोज मूंदड़ा - महामंत्री द्वारा
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक व मुद्रक



**अरूण बाहेती**
प्रचार मंत्री
93141-38851



**आशीष सोमानी**
प्रधान संपादक
99502-17000



**संजय बियाणी** (नावां)
संपादक
98290-68590



## संपादकीय

### तीज तीवारां बावड़ी ले डूबी गणगौर

## त्योहारी सीजन का विराम गणगौर से

आप सब माताओं व बहनों को गणगौर पर्व की हार्दिक शुभकामनायें। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित रहता है। सुहागन महिलायें अपने पति की लंबी आयु के लिये व्रत रखती हैं। कुंवारी कन्यायें भी इस व्रत को रखती हैं ताकि उन्हें मनचाहा वर मिले। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणगौर व्रत रखने से भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश की महिलाएँ भी यह एक बड़े पर्व के रूप में मनाती हैं।

जयपुर माहेश्वरी समाज पत्रिका को इस बार बड़े ही सुन्दर रंग से सजाने का प्रयास किया गया है। भीतर के पृष्ठों में गणगौर की मान्यताओं व उससे जुड़ी विशेष बातें बताने का प्रयास किया है। साथ ही इस व्रत से जुड़ी कई रोचक बातें एक लेख के माध्यम से बताई हैं।

चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिन्दू नववर्ष का आरम्भ हो जाता है। आप सबको नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। पत्रिका के भीतर के पृष्ठों में नवरात्रा के नौ दिनों के विशेष महत्व व त्योहार को एक सारगर्भित लेख के माध्यम से समझाया गया है। साथ ही रामनवमी के महत्व को भी लेख के माध्यम से समझाया गया है।

12 अप्रेल को हम सब हनुमान जयंती मनायेंगे। यह एक हिन्दू त्योहार है जो हिन्दू देवता और रामायण में इसके कई संस्करणों के नायक में से एक भगवान हनुमान के जन्म के रूप में मनाते हैं। यह उत्सव सम्पूर्ण भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान हनुमान का जीवन हमें सदैव मित्र की मदद के लिये आतुर व्यक्तित्व को परिभाषित करता है जो मुसीबत में मित्र की मदद के लिये सात समंदर पार कर जाने से भी नहीं हिचकिचाता अर्थात् हर असंभव को भी संभव बनाता है। यह सत्य है कि अगर हमारे जीवन में एक भी मित्र 'हनुमान' के जैसा हो तो हमारा जीवन सदैव खुशियों से भरा व तनावमुक्त रहेगा।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आपको पत्रिका का यह अंक पठनीय लगेगा।

सादर जय महेश।

**संपादक**


OrthoSquare®
Clear Aligners
Starting from
₹ 24,999*
• Free Consultation
• Free 3D Oral Scanning
Dr. Riddhi Rathi
Founder of Orthosquare Multispeciality Dental Clinic
BDS, MDS (Orthodontics & Dentofacial Orthopedic) Cert. Implantologist, Head of the Dental Department At Nanavati Hospital, Cosmetic Dentist, Celebrity Dentist
ORTHOSQUARE MULTISPECIALITY DENTAL CLINIC
125+ Pan India Clinics
25,000+ Google Reviews
5Lakh+ Happy Patients
2Lakh+ Implants Placed
Scan QR Code to Book Your First
FREE Consultation with Implantologist
+91 70420 05277 | +91 86557 01307
www.orthosquare.com
AFFORDABLE
NO COST EMI
BAJAJ FINSERV
Visit your nearest clinic in
JAIPUR
14/122, Shipra Path, Mansarovar Sector 1, Mansarovar, Jaipur, Rajasthan
No 113,114,115 A, Fist floor, Manglam Apex Tower, Tonk Rd, Lalkothi, Jaipur, Rajasthan
Clinics in Pan India
Delhi-NCR | Rajasthan - Jaipur | Madhya Pradesh - Bhopal, Indore | Gujarat - Ahemedabad, Surat, Vapi, Valsad, Vadodara | Maharashtra - Mumbai, Thane, Pune, Navi Mumbai, Aurangabad, Nagpur, Nashik | Karnataka - Bengaluru, Hubballi, Mysore, Mangalore | Hyderabad | Tamil Nadu - Chennai, Trichy | Kerala - Kochi | Goa



**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

# समाजोत्थान के लिए सबकी भागीदारी जरूरी

**सादर जय महेश**

आपसी सौहार्द्र व भाईचारे का यह रंग-बिरंगा त्योहार आप सबके लिये सुखद व रंगीन रहा होगा, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। सच में ही अगर हम अपने मन-मुटाव व वैमनस्य भुलाकर त्योहार मनायें तो उनका मजा ही दोगुना हो जाता है। प्रेम व भाईचारे से बढ़कर इस संसार में खुश रहने की कोई और कारगर थैरेपी नहीं है। कई बार आपस में छोटी-सी बात को हम सब अपने दिल पर लेकर अच्छे से अच्छे रिश्ते को भी खत्म कर लेते हैं, लेकिन अगर उस समय हम संयम व धैर्य रखें तो वो रिश्ता जीवंत ही नहीं नये जोश से भर जाता है।

जयपुर माहेश्वरी समाज, पूरी दुनिया में अपनी एक अलग ही पहचान रखता है। यह नाम हमें सदैव आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करता रहता है कि हम नित-निरन्तर समाज सेवा के नये आयाम स्थापित करते रहें जिससे ना सिर्फ माहेश्वरी समाज, जयपुर बल्कि अन्य वर्ग व समाज के लोग भी लाभान्वित होते रहें। आज हमारे समाज का जो वर्चस्व है वह आप सब समाज बन्धुओं की अथक मेहनत का ही नतीजा है। जो आज एक नन्हा सा पेड़ वट वृक्ष बनकर सबको अपनी छाया प्रदान कर रहा है। मैं नमन करता हूँ मेरे सभी अग्रज अनुज भाइयों, माता व बहनों को जो समाज सेवा के इस भागीरथी प्रयास में सदैव कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहते हैं।

चैत्र नवरात्रा 30 मार्च से प्रारम्भ हो जायेंगे। अपने सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व रहता है। इन नौ दिन में माँ दुर्गा के अलावा-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। हमारे पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्रि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होते हैं। मान्यता है कि नवरात्रि में माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों पर माता रानी की विशेष कृपा रहती है।

आगामी समय आप सबके जीवन में खुशियों व सौहार्द्र से पूर्ण रहे। माता आदि शक्ति से मेरी यह प्रार्थना है।

**जय श्री कृष्णा।**

"खुद जिएं औरों को भी
जीने का दें हम हौसला,
पेड़-पौधे, फूल-फल,
पक्षी बनावें नित घोंसला

मानवी मूल्यों में ही
विश्वास अपना हो सदा,
सारे भारतीय मिलकर के
मनाएं प्रतिपदा"





हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ
एवं रामनवमी
के पावन पर्व पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
प्रभु श्री राम की दिव्य कृपा आप सभी पर बनी रहे।
शांति लाल जागेटिया
टीम जय महेश
“ हम साथ-साथ हैं... ”
shantilal.jagetia | shantilal.jagetia | +91 9829050742

**नमो नमो दुर्गे सुख करनी। नमो नमो अम्बे दुःख हरनी।।**
**निरंकार है ज्योति तुम्हारी। तिहूँ लोक फैली उजियारी।।**

संसार में सभी के दुःखों का विनाश कर सुख प्रदान करने वाली माँ दुर्गा को मेरा नमस्कार है। निरंतर प्रज्वलित रहने वाली माँ की अमूर्त ज्योति तीनों लोकों को अपने प्रकाश से प्रकाशित कर सुख का प्रसार करती रहे।

हिन्दुओं का सर्वमान्य संवत विक्रम-संवत है। इसे सृष्टि की रचना का प्रथम दिवस कहा गया है। मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसलिए इसे सृष्टि के प्रारंभ का पावन दिन माना जाता है। विक्रम संवत् के नव वर्ष 2082 का प्रारंभ चैत्र प्रतिपदा से हो रहा है। साथ ही इस दिन से ही चैत्र नवरात्रि की भी शुरुआत होती है, जिसमें नौ दिनों तक माता दुर्गा की आराधना की जाती है। नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ दुर्गा से यही प्रार्थना है कि माँ आप सभी पर प्रसन्न हों तथा आपकी समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करें।

आप सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ।

*भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी ।*
*हरषित महतारी, मुनि मन हारी, अद्‌भुत रूप बिचारी ॥*
*लोचन अभिरामा, तनु घनस्यामा, निज आयुध भुजचारी ।*
*भूषन बनमाला, नयन बिसाला, सोभासिंधु खरारी ॥*

हर वर्ष राम नवमी का त्योहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान विष्णु ने भगवान श्रीराम के रूप में अपना सातवाँ अवतार लिया था। बारह कलाओं के स्वामी श्रीराम का जन्म लोक कल्याण और मनुष्यों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करने के लिए हुआ था। श्रीराम करुणा, त्याग और समर्पण की मूर्ति माने जाते हैं। उन्होंने विनम्रता, मर्यादा, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण संसार के सामने प्रस्तुत किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी श्रीराम के गुणों को आत्मसात् कर लोककल्याण से जुड़े कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

हास्यम्-2025 कवि सम्मेलन एवं होली स्नेह मिलन समारोह में ठंडाई व अल्पाहार के बाद हास्यम्-2025 में हास्य की फुहारों से हजारों श्रोताओं को तर-बतर कर दिया। श्रेष्ठ आयोजन के लिए संयोजक संदीप मूंदड़ा एवं कोषाध्यक्ष शिव शंकर कोठारी तथा उनके सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई।

समाज को विकास की नई ऊँचाईयों तक पहुँचाने में आप सभी का सहयोग हमें निरन्तर मिल रहा है और भविष्य में भी ऐसे ही मिलता रहेगा।

आनन्दम् भवन में साज-सज्जा का कार्य अंतिम चरण में है तथा इसका लोकार्पण कर मांगलिक कार्यों एवं वैवाहिक समारोहों के लिए आनन्दम भवन की बुकिंग अतिशीघ्र प्रारम्भ कर दी जायेगी।

वर्ष 2025 में महेश नवमी ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी 04 जून, 2025 को मनायी जाएगी।

**जय महेश।**



## मनोज मूंदड़ा
**महामंत्री**

**शीतला अष्टमी, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी व हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...**





आपको एवं आपके परिवार को
गणगौर की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
उमेश सोनी
टीम रघुकुल
9829059157
सबका साथ - समाज का विकास

# कलिकाल के देवता हैं राम भक्त हनुमान



गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा मानों धर्म का पर्याय बन गया है। कुछ नहीं तो हर हिन्दू आस्तिक हनुमान चालीसा जरूर पढ़ता और अपने घर में रखता है। कलियुग में हनुमान की महत्ता इतनी बढ़ गई है कि हर चौक-चौराहों पर उनका मंदिर मिल जाएगा। यथा कलियुग में राम भक्त हनुमान ही एक ऐसे देवता हैं जिनकी स्वीकार्यता सर्वत्र है, इसीलिए तो तुलसी बाबा ने लिखा 'आपन तेज सम्हारे आपे तीनों लोक हांफते कापे।' उन्होंने यह भी लिखा 'भूत-पिशाच निकट नहीं आवे, महावीर जब नाम सुनावे।'

भगवान शंकर के एकादश अवतार के रूप में प्रसिद्ध शंकर सुमन केसरी नंदन दुनिया के ऐसे देवता हैं, जो सभी पर समान कृपा रखते हैं। अति चतुर हैं और बलशाली भी हैं। यदि रामायण में ही देखें तो उन्होंने दो अति कमजोर व्यक्तियों को अपनी बुद्धि और विवेक से राजा बना दिया।

*'तुम उपकार सुग्रीवहि किन्हां, राम मिलाय राजपद दीन्हा।*
*तुम्हरो मंत्र विभीषण माना, लंकेश्वर भय सबजग जाना।'*

इन दोनों ने कभी स्वप्न में भी नहीं सोचा होगा कि वह राजा बनेंगे लेकिन हनुमान जी की कृपा से दोनों न केवल राजा बने अपितु विश्व प्रसिद्ध भी हुए।

हनुमान ने किष्किंधा का राजा तो सुग्रीव को बनाया, लेकिन चतुराई से वहां का युवराज वानरराज बालि के बेटे अंगद को बना दिया। इसे राजनीतिक सूझ-बूझ ही समझना चाहिए। इससे किष्किंधा अजेय हो गया और खुद वे लंका युद्ध के बाद अवध चले आए। अवध में वे किष्किंधा के राजदूत की तरह रहने लगे। इसे राजनीतिक सूझ-बूझ ही समझना चाहिए। इसलिए यदि कोई समझदारी से पवनपुत्र के चरित्र का अनुसरण करे तो वह राजनीतिक दांव खेलने में भी माहिर हो जाएगा।

खैर, हमलोग तो हनुमान को परम ताकतवर देवता के रूप में ही पूजते हैं, लेकिन उनकी शैली एक कुशल राजनीतिज्ञ से कम नहीं थी। गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित्र मानस की रचना से पूर्व हनुमान चालीसा की रचना कर संसार को हनुमान के अद्‌भुत अवतार और उनकी पावन गाथा के रूप में एक ऐसा ग्रंथ दिया जिसकी महिमा आज भी विद्यमान है और अनंतकाल तक रहेगी।

हनुमान जी ने अपनी अद्‌भुत वीरता, अनवरत सेवा, आदर्श चरित्र, अविचल भक्ति इत्यादि सद्‌गुणों का जो मिश्रण संसार को प्रदान किया एवं उसको प्रतिष्ठित किया, उसकी कीर्ति त्रेता-द्वापर से लेकर कलियुग तक विद्यमान है।

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को भारत की पावन धरा पर अवतरित अंजनी-पुत्र, पवन-सुत, शंकर-सुमन, केसरी-नंदन, राम-दूत इत्यादि अनेक नामों से सुशोभित श्री हनुमान जी हर लोक व हर काल में चिरंजीवी हैं। वानर राज केसरी के पुत्र होने के कारण हनुमान केसरी-नंदन नाम से भी विख्यात हुए हैं।

एक प्रचलित कथा के अनुसार पुन्जिकस्थला नाम की अप्सरा श्राप भ्रष्ट होकर कामरूपी वानरी के रूप में अवतरित हुई थी। उसके साथ वानर राज केसरी की शादी हुई। एक दिन सुयोग से अंजना माई मनुष्य रूप में दिव्यविदिव्य वस्त्राभूषणों से अलंकृत हो पर्वत पर विचरण कर रही थीं। इसी दौरान वायुदेव ने उन्हें आलिंगन किया।

अंजना ने कहा, 'कौन मुझ पतिव्रता का स्पर्श कर अपने सर्वनाश को आमंत्रित कर पतन के घोर गर्त में गिरने को लालायित हो रहा है?' इस पर वायुदेव बोले, 'देवी अनंत कोटि ब्रह्माण्ड नायक परात्पर ब्रह्म, मानव स्वरूप धारण कर रावणादि असुरों का विनाश करने, पृथ्वी पर अवतरित हो रहे हैं। मैं उनकी सेवा में तुम्हारे पुत्र के रूप में आना चाहता हूं, कृपया क्षमा करें।' इस प्रकार हनुमान पवन सुत एवं अंजनी पुत्र के नाम से प्रसिद्ध हुए।

'न भूतो न भविष्यते'- तीनों लोकों में हनुमान जैसा सर्व ज्ञानी-अतुलित बल का धाम-प्रभु का अनन्य सेवक-राक्षसी प्रवृत्ति का नाश करने वाले संकटों का मोचन करने वाले भगवान श्री हनुमान जी महाराज हर सद्‌बुद्धि मनुष्य का सहयोग करते हैं। उन्होंने तुलसी दास जी का भी सहयोग किया और उनके सहयोग से ही भगवान श्री राम के चरित्र की व्याख्या करने में वे सफल हो सके। रामचरित्र मानस की रचना से पूर्व गोस्वामी तुलसी दास जी ने हनुमान-चालीसा में लिखा है-

**'संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमरहिं हनुमत बल बीरा'**

ऐसी अद्‌भुत शक्ति संपन्न श्री हनुमान जी महाराज के लिए शास्त्रों में त्रिकाल चिंतन के लिए सुन्दर निर्देश दिया गया है।

*सर्वदा वै त्रिकाल चं पठनियमिंद स्तवम्।*
*सर्वान कामानवाप्नोति नात्र कार्या विचारणा।*

प्रात: काल के लिए -

**प्रात: स्मरामि हनुमन्तमानन्तवीर्य श्रीरामचन्द्र चरणाम्बुजजचंचरीकम्।**
**लंकापुरी दहनन्दित देववृन्दं स्वार्थसिद्धसदनं प्रथित प्रभावम्।।**

जो रामचंद्र जी के चरण-कमलों के भ्रमर हैं, जिन्होंने लंका पुरी को दग्ध करके देवगण को आनन्द प्रदान किया है, जो सम्पूर्ण अर्थ सिद्धियों के आगार और लोकविश्रुत प्रभावशाली हैं, उन अनंत पराक्रमशाली हनुमान जी का मैं प्रात: काल स्मरण करता हूँ।

मध्य काल यानी दोपहर के लिए -

**मध्यं नमामि वृजिनार्णवतारणैकाधारं शरण्यमुदतानुपमप्रभवम्।**
**सीताधिसिन्धुपरिषोषण कर्मदक्षं वन्दारूकल्पतरु मव्ययकामांजनेयम्।।**

जो भव सागर से उद्धार करने के एकमात्र साधन और शरणागत के पालक हैं, जिनका अनुपम प्रभाव लोक विख्यात है, जो सीता जी की मानसिक पीड़ा रूपी सिन्धु के शोषण कार्य में परम प्रवीण और वन्दना करने वालों के लिए कल्पवृक्ष हैं, उन अविनाशी अंजनानन्दन हनुमान जी को मैं मध्यान्ह काल में प्रणाम करता हूं।

संध्या काल के लिए-

**सायं भजामि शरणोपसृताखिलार्ति पुंजप्रणाषनविधौ प्रथितप्रतापम्।**
**अक्षान्तकं सकल राक्षसवंषधूमकेतुं प्रमोदितविदेहसुतं दयालुम्।।**

शरणागतों के सम्पूर्ण दु:ख समूह का विनाश करने में जिनका प्रताप लोक प्रसिद्ध है, जो अक्षय कुमार का वध करने वाले और समस्त राक्षस वंश के लिए धूमकेतु हैं एवं जिन्होंने विदेहनन्दिनी सीता जी को आनन्द प्रदान किया है, उन दयालु हनुमान जी का मैं सायंकाल भजन करता हूं।

तुलसी दास जी लिखते हैं-

**अतुलित बलधामं हैमषैलाभ्देहं-दनुजवनकृषानुं ज्ञानिनामग्रग्यम्।**
**सकल गुण निधानं वानरामधिषं-रघुपति प्रिय भक्तं वातजातं नमामि।।**

जो अतुलित बलों के धाम, सोने के पर्वत यानी सुमेरु के समान कान्तियुक्त शरीर वाले, दैत्य रूपी वन को ध्वंस करने के लिए अग्नि रूप, ज्ञानियों में अग्रगण्य, सम्पूर्ण गुणों के निधान, वानरों के स्वामी और श्री रघुनाथ जी के प्रिय भक्त हैं, उन पवन पुत्र हनुमान जी को मैं प्रणाम करता हूं। भगवान श्री राम के भक्त हनुमान जी महाराज वैद्य भी थे। इसीलिए भगवान श्री राम ने उन्हें जड़ी-बूटी लाने हिमालय भेजा था। ■

# महेश सेवा संघ समिति

**सेवा ही हमारा परिचय**

## भोजन मित्र कार्यक्रम



जयपुर के सरकारी अस्पतालों के बाहर जरूरतमंद व्यक्तियों को एक समय का भोजन कराते हैं। अब तक 60 आयोजनों में करीब-करीब 40,000 लोगों को भोजन कराया गया। नियमित आयोजन में भोजन मित्र बनने के लिए सम्पर्क करें-

संयोजक : विकास अजमेरा • मो.नं. 9829053772



## दिव्य अंग सहायता योजना





भगवान महावीर विकलांग केन्द्र में दिव्यांग व्यक्तियों को जयपुर फुट प्रदान करते हैं।

संयोजक : हेमंत मंत्री • मो.नं. : 9829057345

## रक्तदान शिविर

नियमित रूप से रक्तदान शिविर महेश सेवा संघ समिति द्वारा वर्षों से किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 23 मार्च 2025 को माहेश्वरी समाज के सान्निध्य में, श्रीमती शांति-जेठमल कासट की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कृपया आप भी रक्तदान करके पुण्य काम में सहभागी बनें।

QR Code संलग्न है। कृपया अपना फार्म भर दें।

संयोजक : ऋषि कचोलिया-9413841714 •
प्रखर पटवारी-9772211888 • अमित बाहेती-9022841809

Scan QR Code
& fill form.

सुनील मालपानी
अध्यक्ष
9829069494

नीरज चितलांगिया
सचिव
9414306524

# रामभक्त हनुमान के अमर होने की पूरी कहानी

रामभक्त हनुमान को शिव का अवतार माना जाता है। इस संबंध में ग्रंथों में तमाम बातें भी लिखी जा चुकी हैं जो इस बात का साक्ष्य हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिव के 11 रूद्र अवतारों में से एक हनुमान अवतार को अमरता का वरदान किसने दिया और क्यों श्रीराम के अनन्य भक्त श्री हनुमान राम के जाने के बाद भी धरती पर विराजमान हैं। इस बारे में रामायण की चौपाई में संपूर्ण उल्लेख मिलता है। तो आइए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के परम भक्त श्री हनुमान के अमरत्व प्राप्ति के बारे में जानते हैं।

## त्रेता में जब जन्मे श्रीराम

ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि त्रेतायुग में जब भगवान श्रीराम का जन्म हुआ तो एक दिन भोलेनाथ ने माता पार्वती से पृथ्वीलोक पर अपने प्रभु श्रीराम के पास जाने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद माता ने उनसे कहा कि यदि वह पृथ्वी पर चले गए तो मां भी उनके बिना नहीं रह पाएंगी। ऐसी स्थिति में शंभू ने माता पार्वती के विरह की बात पर विचारकर अपने 11 रूद्रों की कथा मां से कही और उन्हें बताया कि इन्हीं 11 रूद्रों में से एक हनुमान अवतार है जो कि वह लेने जा रहे हैं। भोलेनाथ की कथाओं में यह भी उल्लेख मिलता है कि त्रिकालदर्शी होने के कारण वह यह जानते थे कि भगवान राम के जीवन में आगे किस तरह की परेशानियां आने वाली हैं और पृथ्वी का कल्याण करने के लिए प्रभु को उनकी आवश्यकता पड़ेगी। इसके अलावा यह भी उल्लेख मिलता है कि शिव ये जानते थे कि कलयुग में जब पृथ्वी पर न राम होंगे न शिव तब पृथ्वी के लोगों को ऐसे किसी प्रभु सेवक की आवश्यकता होगी जो श्रीराम की कृपा से उनका कल्याण कर सके। यही वजह है कि शिव के हनुमान अवतार को सर्वश्रेष्ठ अवतार की संज्ञा दी गई है।

## माता जानकी का है यह वरदान

बाल्मीकि रामायण के अनुसार लंका में बहुत ढूढ़ने के बाद भी जब माता सीता का पता नहीं चला तो हनुमानजी उन्हें मृत समझ बैठे। लेकिन फिर उन्हें भगवान श्रीराम का स्मरण हुआ और उन्होंने पुन: पूरी शक्ति से सीताजी की खोज प्रारंभ कर दी। इसके बाद वह मां से अशोक वाटिका में मिलते हैं। उस समय ही माता जानकी ने हनुमान को अमरता का वरदान दिया



था। यही वजह है कि हर युग में हनुमान भगवान श्रीराम के भक्तों की रक्षा करते हैं। एक और उल्लेख मिलता है हनुमान चालीसा की एक चौपाई में। जहां लिखा है– 'अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता। अस बर दीन्ह जानकी माता। 'अर्थात् 'आपको माता श्री जानकी से ऐसा वरदान मिला हुआ है जिससे आप किसी को भी आठों सिद्धियां और नौ निधियां दे सकते हैं।

उल्लेख मिलता है कि जब श्रीराम ने अपने महाप्रयाण की घोषणा की तो यह सुनकर राम भक्त हनुमान जी बहुत आहत हुए। वह माता सीता के पास जाते हैं और कहते हैं 'हे माता मुझे आपने अजर-अमर होने का वरदान तो दिया किन्तु एक बात बताएं कि जब मेरे प्रभु राम ही धरती पर नहीं होंगे तो मैं यहां क्या करुंगा? मुझे अपना दिया हुआ अमरता का वरदान वापस ले लीजिए।' जब हनुमान माता-सीता के सामने जिद पर अड़ जाते हैं तब माता सीता श्रीराम का ध्यान करती हैं वह प्रकट होते हैं। इसके बाद श्रीराम हनुमान को गले लगाते हुए कहते हैं 'हनुमान मुझे पता था कि तुम सीता के पास आकर यही बोलोगे। देखो हनुमान धरती पर आने वाला हर प्राणी, चाहे वह संत है या देवता कोई भी अमर नहीं है। तुमको तो वरदान है हनुमान, क्योंकि जब इस धरती पर और कोई नहीं होगा तो राम नाम लेने वालों का बेड़ा तुमको ही तो पार करना है। एक समय ऐसा आएगा जब धरती पर कोई देव अवतार नहीं होगा, पापी लोगों की संख्या अधिक होगी तब राम के भक्तों का उद्धार मेरा हनुमान ही तो करेगा। इसलिए तुमको अमरता का वरदान दिलवाया गया है हनुमान।' तब हनुमान जी अपने अमरता के वरदान को समझते हैं और राम की आज्ञा समझकर आज भी धरती पर विराजमान हैं।




स्त्री हूँ,
समेटे हूँ, सृष्टि का सारा सौन्दर्य स्वयं में
सिरजने का रहस्य जानती हूँ।

यम के द्वार से भी लौटा लाती हूँ प्रेम को
कर डालती हूँ, जो भी मन में ठानती हूँ।

थाली की रोटी को
तृप्ति की मुस्कुराहट में
बदलने का हुनर आता है मुझे
तन से आत्मा तक की सारी राहें जानती हूँ।

बचपन की मासूमियत,
जवानी के सपने,
बुढ़ापे के संतोष की मुहाफ़िज़ हूँ,
अपने करिश्माई वजूद से
मकान को घर बनाना जानती हूँ।

'नहीं' होकर भी 'होना' आता है मुझे
'खोकर' पाने की कला जानती हूँ।
जिसने भी पाया है,

मुझसे ही होकर गुजरा है वो
पूर्णता की डगर हूँ रहस्यमयी
जानते हैं सयाने मैं जानती हूँ।

किसी की नहीं औकात, दबा सके मुझे
सुषुप्त कुंडलिनी सी,
बस भूलकर अपना रूप
सोई ही रहती हूँ
जागूं तो सहस्रार तक
पहुँचकर ही मानती हूँ मैं।।

◉ सरिता मोहता


भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब घुटना प्रत्यारोपण कराये
AI (Artificial Intelligence) & AR (Augmented Reality) तकनीक द्वारा
Robotic AI और AR तकनीक के फायदे
रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
सबसे उन्नत और सटीक
जटिलताओं का जोखिम कम
बेहतर परिणाम
पहले से और भी सुरक्षित
MISSO Planner
Robotic Arm
PARTANI CLINIC
डॉ. अरुण परतानी
एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट
16 वर्षों का सफल अनुभव
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!
डॉ. भारती परतानी
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
15 वर्षों का सफल अनुभव
Quality Dental Care
☑ Dental Implants
☑ Teeth Whitening
☑ Root Canal
☑ Composite Filings
☑ Ceramic or
☑ Porclain Crowns
☑ And Many More......
किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।
175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501

# जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टि



भारत के संविधान की मूल प्रति में दीनदयाल भगवान के चित्र हैं। गांधी जी भी भगवान श्रीराम से ही प्रेरणा पाते थे और भारत में रामराज्य चाहते थे। स्वामी रामानंद जैसे महान समाज सुधारक संत ने भी सामाजिक पतन को रोकने के लिए रामनाम की महिमा का ही प्रयोग किया था।

रामायण में वर्णन है- महर्षि वाल्मीकि ने मुनिश्रेष्ठ नारद से पूछा, 'भगवन्! इस समय इस संसार में गुणी, शूरवीर, धर्मयज्ञ, सत्यवादी और दृढ़- प्रतिज्ञ कौन है? सदाचारी, सब प्राणियों का हित करनेवाला, प्रियदर्शन, धैर्ययुक्त तथा काम-क्रोधादि शत्रुओं को जीतनेवाला कौन है? मुझे यह जानने की प्रबल अभिलाषा है। महर्षि ! आप इस प्रकार के श्रेष्ठ पुरुष के जानने में समर्थ हैं, अत: मुझे बताइये।'

महर्षि वाल्मीकि के ऐसा पूछने पर मुनिश्रेष्ठ नारद ने कहा–

'महर्षि! आपने जिन गुणों का वर्णन किया है वे बहुत, श्रेष्ठ और दुर्लभ हैं तथा उन सबका एक ही व्यक्ति में मिलना कठिन है, फिर भी आप द्वारा पूछे सभी गुणों से युक्त एक व्यक्ति हैं जो इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न हुए हैं और 'राम' नाम से जगदविख्यात हैं। वे अति बलवान्, धैर्ययुक्त, जितेन्द्रिय, बुद्धिमान्, प्रियवक्ता, शत्रुओं के नाशक, धर्म के जानने वाले, सत्यवादी, प्राणियों के हित में तत्पर, वेदों के ज्ञाता, धनुर्वेद में कुशल, आर्य, प्रियदर्शन, गम्भीरता में समुद्र के समान, धैर्य में हिमालय के सदृश, पराक्रम में विष्णु के तुल्य, क्रोध में कालाग्नि जैसे,क्षमा में पृथ्वी सम, दान करने में कुबेर और सत्य बोलने में दूसरे धर्म के समान हैं।'

भगवान श्री राम के अवतरण के संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमानस में वर्णन किया है–

'जब जब होई धरम कै हानी। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी।।
करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी। सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी॥
तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।
असुर मारि थापहिं सुरन्ह राखहिं निज श्रुति सेतु।
जग बिस्तारहिं बिसद जस राम जन्म कर हेतु।।'

जब-जब धर्म का ह्रास होता है और नीच अभिमानी राक्षस बढ़ जाते है और वे ऐसा अन्याय करते हैं कि जिसका वर्णन नहीं हो सकता तथा ब्राह्मण, गो, देवता और पृथ्वी कष्ट पाते हैं, तब-तब वे कृपानिधान प्रभु भांति-भांति के (दिव्य) शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। वे असुरों को मारकर देवताओं को स्थापित करते हैं, अपने (श्वास रूप) वेदों की मर्यादा की रक्षा करते हैं और जगत में अपना निर्मल यश फैलाते हैं।

रामायण में वर्णन के अनुसार, त्रेता युग में सूर्य देव के पुत्र वंशज महाराज इक्ष्वाकु कुल में अयोध्यापुरी के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। राजा दशरथ की तीन पत्नियां थीं- कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकेयी। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ को चौथेपन तक तीन रानियां होते हुए भी संतान प्राप्ति नहीं हुई। दु:खी सम्राट दशरथ जब अपनी यह अंतर्वेदना गुरु वशिष्ठ से कही तो उन्होंने श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। वशिष्ठ जी ने यज्ञ पश्चात खीर दशरथ जी को समर्पित की और राजा ने सभी रानियों को बुलाकर वह खीर वितरित की जिसका सेवन कर सभी रानियां गर्भवती हुईं और राजा दशरथ को चार पुत्रों का सुख प्राप्त हुआ। वाल्मीकि रामायण में ऋषि लिखते हैं, जिस समय महा कान्ति वाले राजा दशरथ जी पुत्रेष्टि यज्ञ करने लगे, उसी समय विष्णु भगवान ने पुत्र बनकर उनके यहां अवतार लेने का निश्चय कर लिया। इस प्रकार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था।

भगवान श्री राम जन्म प्रसंग को रामचरितमानस के बालकाण्ड में गोस्वामी तुलसीदासजी ने वर्णन किया है–

"भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी।
हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥"

अर्थात् दीनों पर दया करने वाले, माता कौशल्या के हितकारी प्रगट हुए हैं। मुनियों के मन को हरने वाले भगवान के अद्भुत रूप का विचार कर माता कौशल्या हर्ष से भर गई। गोस्वामी जी आगे वर्णन करते हैं–

"लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुजचारी।
भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभा सिंधु खरारी॥"

अर्थात् प्रभु के दर्शन नेत्रों को आनंद देने वाले हैं, उनका शरीर मेघों के समान श्याम रंग का है तथा उन्होंने अपनी चारों भुजाओं में आयुध धारण किए हैं, दिव्य आभूषण और वन माला धारण की हैं। प्रभु के नेत्र बहुत ही सुंदर और विशाल हैं। इस प्रकार शोभा के समुद्र और खर नामक राक्षक का वध करने वाले भगवान प्रकट हुए हैं।

'राम' शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है 'वह जो रोम रोम में बसे'। श्रीरामस्तोत्र में वर्णन है–

'लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम्।
कारुण्यरूपं करुणाकरंतं श्रीरामचंद्रं शरणं प्रपद्ये'।।

अर्थात् लोकों के आकर्षक, युद्ध में साहसी, राजीव (कमल) नेत्र वाले, रघुवंश के नाथ, कारुण्य स्वरूप, दयामयी हृदय वाले, ऐसे श्री राम चंद्र की शरण में हम आश्रय लेते हैं। यदि हम सामाजिक,ऐतिहासिक आदि रूपों से देखेंगे तब भी यह परिभाषा सर्वथा उपयुक्त बैठती है। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां राम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं जो राम भक्ति से अछूता हो। मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारतीय जनमानस में बसते हैं। यहाँ पिछले सहस्त्रों वर्षो से आजतक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। यदि कोई जिज्ञासावश जानना चाहे कि रामराज्य के इतने सहस्राब्दियों के बाद भी क्यों सब रामराज्य चाहते हैं तो उत्तर आता है करुणानिधान भगवान श्री राम की महानता।

भगवान श्री राम अपने गुणों की वजह से ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मर्यादा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान श्रीराम की महानता अथाह है। अपने अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम से उन्होंने यज्ञरक्षा कर ऋषियों को भयहीन किया, उनका अनुपम बल ही खर, दूषण आदि का काल बना, वे ही शील

ATHENA BANQUET
MANAGED BY ANGEL RESORT

FULLY EQUIPPED
# BANQUET HALL

SEATING CAPACITY
CLUSTER 250
CLASSROOM 350

Collaboration | Birthday Party | Wedding | Engagement | Conference | Business Meetings





athenabyangelresort
Athena banquet jaipur

Eden Garden, 20th Milestone, Rajawas, Highway, Jaipur, Rajasthan 302013

7340019741
9119155556

के मूर्त स्वरूप हैं। धनुष भंग करने का सामर्थ्य होने पर भी वह सभा में शांति से बैठे थे और गुरुआज्ञा मिलने पर ही गए, पितृभक्ति ऐसी कि पिता का वचन कभी मिथ्या न होने दिया भले स्वयं कष्ट सहे, त्याग ऐसा कि जब कुछ ही समय में राजतिलक होना था तभी वल्कल पहनकर वनगमन करने में संकोच नहीं किया, ज्ञान वेद शास्त्रादि अनेकों ग्रंथों का, मातृभूमि के प्रति प्रेम इतना कि अपनी जन्मभूमि अयोध्या नगरी के बारे में कभी बुरे शब्द सुनना तक नहीं सहा, धर्म परायण ऐसे जो साधुओं का दु:ख सुनकर बोल उठे–

'निशिचर हीन करहुं महि, भुज उठाए पन कीन्ह।'

अनुजों से स्नेह ऐसा कि युगों तक उनके उदाहरण दिए जाते हैं, सीता माता से ऐसा प्रेम किया आज भी कई लोग संबोधन के रूप में सीताराम ही बोलते हैं, सत्यवादी ऐसे कि 'रामो द्विर्नाभिभाषते' आज प्रेरणा वाक्य है, शबरी को स्वयं नवधा भक्ति का उपदेश देकर सामाजिक सौहार्द के प्रतीक बने, सुग्रीव की कठिन समय में सहायता कर सच्चे मित्र होने का अर्थ समझाया, घोषणा करके समाज में नारियों के सम्मान की शिक्षा दी–

'अनुज बधू भगिनि सुत नारी,
सुन सठ कन्या सम ए चारि।
इन्हें कुदृष्टि बिलोकि जेई,
ताहि बधे कछु पाप न होई॥'

राम अपने भक्तों के सामर्थ्य से भली भांति परिचित हैं तभी वह हनुमान को ही मुद्रिका देते हैं, भगवान राम की उदारता ऐसी है कि जो सम्पत्ति रावण को दस शीशों के दान के बाद मिली वो सम्पत्ति विभीषण को तो उसके आगमन के साथ दे देते हैं। यह परमपुनीत भगवान का बड़प्पन ही है जो पापियों को भी सुधरने का अवसर देते हैं। रावण के पास भी उन्होने शांतिदूत अंगद को भेजा था। मातृभक्ति ऐसी कि कभी मन में भी कैकेयी माता के प्रति द्वेष भाव न रखा और वापस आ कर सर्वश्रेष्ठ शासक बन कर दिखाया जिसका उदाहरण लोग कई युगों बाद आज भी देते हैं–

''दैहिक दैविक भौतिक तापा।
राम राज नहिं काहुहि ब्यापा॥
सब नर करहिं परस्पर प्रीती।
चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती॥''

भगवान राम के कई मित्र हुए। हर वर्ग के व्यक्तियों के साथ भगवान राम ने समभाव के साथ मित्रता की भूमिका निभाई। सभी संबंधों को भगवान श्री राम ने ह्रदय से निभाया। चाहे वो निषादराज या विभीषण और केवट हो या सुग्रीव। इसके अलावा भगवान श्री राम बड़े दयालु थे। उन्होंने अपनी दयालुता की वजह से मानव, पक्षी और दानव सभी के कल्याण की बात की। रामायण में भगवान श्री राम के चरित्र का जिक्र किया गया है, जो उन्हें धर्म के प्रति समर्पित इंसान के तौर पर प्रस्तुत करता है।

भगवान् श्री राम ने माता पिता की आज्ञा का पालन किया, परन्तु अवसर आने पर ज्येष्ठों को भी उपदेश किया है, उन्होंने अपने माता–पिता से यह भी कहा कि वनवास के दौरान दुखी न हों। जिस कैकेयी के कारण राम जी को चौदह वर्ष वनवास हुआ, उस कैकेयी माता को वनवास से आने पर पहले की भांति ही प्रेम किया। आज भी आदर्श बंधु प्रेम को राम–लक्ष्मण की उपमा देते हैं। श्रीराम एक पत्नीव्रत थे। सीता का त्याग करने के उपरांत श्रीराम विरक्ति से रहे। आगे यज्ञ के लिए पत्नी की आवश्यकता होने पर भी दूसरा विवाह न कर, उन्होंने सीताजी की प्रतिकृति स्वयं के पास बिठाई। राम ने सुग्रीव, विभीषण आदि के संकट काल के समय उनकी सहायता की।

आदर्श राजा के रूप में वर्णन है कि भगवान श्री राम ने वनवास से लौटने के बाद राज्याभिषेक के बाद अपना सारा राज्य श्री गुरु वसिष्ठ के चरणों में अर्पित कर दिया; क्योंकि उनका मत था कि 'समुद्र से घिरी इस पृथ्वी पर राज्य का अधिकार केवल ब्राह्मणों को ही प्राप्त होता है'। प्रजा द्वारा जब सीताजी के विषय में संशय व्यक्त किया गया तो उन्होंने अपने व्यक्तिगत सुख का विचार न कर, राजधर्म के रूप में अपनी धर्मपत्नी का त्याग किया।

इस विषय में कालिदास ने वर्णन किया है–

'कौलिनभीतेन गृहन्निरस्ता न तेन वैदेहसुता मनस्त:'।



अर्थात् लोकापवाद के भय से श्री राम ने सीता को घर से बाहर निकाला, मन से नहीं। आदर्श शत्रु के रूप में जब रावण के भाई विभीषण ने उसकी मृत्यु के बाद दाह संस्कार करने से इनकार कर दिया, तो राम ने उससे कहा, 'मृत्यु के साथ शत्रुता समाप्त होती है। यदि आप रावण का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे, तो मैं करूंगा। वह मेरा भी भाई था'।

भगवान श्री राम ने धर्म की सभी मर्यादाओं का पालन किया; इसलिए उन्हें 'मर्यादापुरुषोत्तम' कहा गया है। भगवान श्रीराम ने प्रजा को भी धर्म सिखाया। उनकी सीख आचरण में लाने से मनुष्य की वृत्ति सत्त्वप्रधान हो गई व इसलिए समष्टि पुण्य निर्माण हुआ। अत: प्रकृति का वातावरण मानव जीवन के लिए सुखद हो गया।

आज भी भगवान राम की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। हिंदू जनमानस के लिए भगवान राम की प्रासंगिकता उतनी ही है जितनी सागर में जल की, वनों में वृक्ष की अथवा ज्ञानी पुरुषों में विनम्रता की होती है। राम सबके लिए इस भारतवर्ष के पवित्र भूमि के हर कण में व्याप्त हैं। राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। एक बार श्री राम का नाम–मात्र ही उनके भक्तों के संपूर्ण दुखों का हरण करने वाला है।

भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम तो हैं ही, पूर्ण ब्रह्म के अवतार भी हैं। महामानव और आदर्श मानव के रूप में वह सद्प्रेरणा के अजस्र स्रोत हैं। भगवान भारतीय धर्म–संस्कृति के अनिवार्य और अपरिहार्य अंग हैं! इसीलिए ईश्वर के विभिन्न नामों में साधना की दृष्टि से रामनाम का महत्त्व सर्वोपरि है। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्री राम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान–परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक–मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन–जन के मन को 'रस विशेष' से आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है।

भगवान श्री राम का जन्मोत्स्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। उनके जन्मोत्सव को संपूर्ण भारतवर्ष में राम नवमी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू पंचांग की गणना के मुताबिक इस वर्ष राम नवमी का पर्व 6 अप्रैल 2025 को मनाया जाएगा। इस वर्ष का राम नवमी विशेष है। लगभग 500 साल के बाद अयोध्या में राम लला की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। आज आवश्यकता है श्री राम चरित्र की ओर अपने को ले जाएं। इस बार की राम नवमी पूरे भारतवर्ष में अयोध्यामयी भाव से मनाने की तैयारी की जा रही है। ■




Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053
Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**
G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039
Contact : Mr. Rajesh Khator (Jaipur) +91 93524 79947



# म्हारा सोलह दिन को चालो र ईसर ले चाल्यो गणगौर ...

त्योहारों का इंतज़ार हम जहाँ पूरी बेसब्री से वर्ष भर करते हैं, वहीं इनके जाने के बाद एक अजीब सा खालीपन या सूनापन लगने लगता है... और जब त्यौहार मनाने की अवधि अठारह-उन्नीस दिन तक रही हो तो इसके बाद का खाली वक़्त और अधिक अखरता है।

गणगौर पर्व की अठारह दिनों की पूजा के बाद हमें भी कुछ ऐसा ही लगा... सावन की तीज से शुरू होने वाले त्यौहार चैत्र की गणगौर के बाद थोड़ा अधिक विराम लेते हैं... रोज 4-5 घंटे सहेलियों (हर उम्र की) के साथ बिताना और घर के कई कामों को त्योहारी व्यस्तता के कारण टालते हुए त्यौहार के बीत जाने का इंतज़ार, मगर फिर उसके बाद का सूनापन एक उदासी-सी भरता है कुछ समय के लिए।

होली के दूसरे दिन (धुलंडी) से प्रारंभ हुई मुख्य गणगौर पूजा चैत्र तृतीया तथा इसके दूसरे दिन गणगौर के विसर्जन से 'तीज त्योहार बावड़ी ले डूबी गणगौर' से संपन्न होती है।

विवाह के पहले वर्ष में नवविवाहित बेटियां गणगौर पूजन के लिए अपने मायके जाती हैं और वहां गणगौर की स्थापना कर पूरे सोलह दिन तक पूजन करती हैं, और साथ देने के लिए सखी सहेलियां और आस पड़ोस की महिलाएं भी उसके साथ पूजन करती हैं। विवाह के पहले वर्ष में यदि नववधू मायके नहीं जा सके तो ससुराल में ही सोलह दिन तक उसे गणगौर का पूजन करना होता है। पहली बार सोलह दिन तक पूजन के बाद हर वर्ष इस लम्बी अवधि तक गणगौर पूजन की कोई बाध्यता नहीं होती। ये सोलह दिन बहुत खास हो जाते हैं क्योंकि लंबी अवधि के कारण महिलाओं के लिए हर वर्ष पूरे सोलह दिन की पूजा संभव नहीं हो पाती है।

शीतलाष्टमी के बाद पर्व की रौनक और बढ़ जाती है। इस दिन जंवारे, हिंडोले आदि की स्थापना के साथ गणगौर को वस्त्र आभूषणों से सजाया जाता है। तत्पश्चात् प्रत्येक दिन गणगौर का बिन्दोरा पूजन करने वाली लड़कियों या महिलाओं के घर रखा जाता है। गणगौर के पारंपरिक गीतों के साथ गणगौर तथा पूजन कर्त्ताओं का चाय नाश्ते आदि के साथ आतिथ्य सत्कार किया जाता है।

हमारी लोक संस्कृति में गीत/संगीत रचे बसे हैं। महानगरीय संस्कृति में भी ये गीत सामाजिकता निभाने और परिचय बढ़ाने में अनूठी मदद करते हैं, क्योंकि इन गीतों में उपस्थित कन्याओं और महिलाओं के नाम के साथ पिता, पति, ससुर, भाई, बेटा/ बेटी आदि के नाम भी लिए जाते हैं। इन गीतों के माध्यम से वर्षों तक एक दूसरे के नाम से अपरिचित लोग पूरे परिवार के नामों से परिचित हो जाते हैं।

गणगौर पूजन को जाते समय पत्नी अपने पति से मनुहार करती हैं कि उन्हें पूजन के लिए जाने दे, उनकी सहेलियां बाट देख रही हैं-

भंवर म्हणे पूजन द्यो गिन्गौर, म्हारी सहेलियां जोवे बाट

पूजन के लिए दूब और जल का कलश भर लाने से ...महिलाएं दूब लेने जाती हैं तो माली/मालन का द्वार खटखटाते हुए उसे दूब देने को कहती हैं-

बाड़ी वाला बाड़ी खोल, म्हे आया छ दोब न ..

माली/मालन पहले उनसे उनके पिता/ससुर का नाम पूछता है ...

*कुण जी री बेटी छो, कुणजी री बहू छो ...*

जल का पात्र भरते हुए वे कहती हैं ......

उंचों चंवरो चौखुटों, जल जमना को नीर भराओ जी, जठा पिता /पति का नाम संपरिया, वांकी रानियाँ /बेटियां ना गौर पूजाओजी...

दूब लेकर लौटती हुई वे गुनगुनाती हैं ...

गौर ए गणगौर माता खोल ए किंवाड़ी, बारे ऊबी थाने पूजन हाळी ...

हे गणगौर माता, किंवार खोल दे, हम पूजन करने वाली बाहर खड़ी हैं ..

गणगौर का पूजन करते हुए वे गाती हैं ...

गोर-गोर गणपति, ईसर पूजे पार्वती ...

पूजन करती हुई बहू बेटियों को टोकती महिलाएं जंवारा गीत गाती हैं ...

म्हारा हरया ए जंवारा की, जंवारा म्हारा पीला पड़ गया
गोरियों सीचों जतन से, की लाम्बा तीखा सरस बढे

हर सुहागिन अपने लिए अनमोल चुंदरी की फरमाईश करती हुए गाती हैं। उसके लिए हरे पल्ले और कसूमल (गहरा लाल रंग) की चुंदरी ले कर आये।

बाई सा र बीरा, थे तो जयपुर जा जो जी, आता तो ल्याजो तारा की चुन्दडी।
जांका हरया-हरया पल्ला जी, कसूमल रंग की तारा की चुंदरी।

अनगिनत सुमधुर लोक गीत हैं जो इस अवसर पर गाये जाते हैं।

इन लोकगीतों में स्त्रियों को भी पूरी तवज्जो मिलती है, कुछेक ही ऐसे अवसर होते हैं जिनमें वे अपने नाम से जानी जाती हैं। अपने नाम से अनचीन्ही सी फलाने की बहू, फलाने की माँ इन गीतों को गाते हुए अपने नाम भी लेती हैं।

जैसे एक कांगासिया (कंघी) गीत इस प्रकार है-

म्हारी बाई (गीत गाने वाली महिलाओं के नाम) का लाम्बा केस,
कंगासियो बाई क सिरां चढ्यों जी राज

'कर ले बाई आरत्यो' में भी इसी प्रकार महिलाओं के नाम जुड़ते हैं ...

लोकगीतों में महिलाओं के मन की भड़ास निकालने के पूरे अवसर मौजूद होते हैं ...परदे में रहने वाली जो बहुएं, सास -ससुर, देवर ननद आदि से तकरार नहीं कर सकती थीं, इन गीतों के माध्यम से अपनी पूरी भड़ास निकल लेती थीं। सास, ननद आदि के पास सिर्फ मुस्कुरा कर रह जाने के अलावा कोई चारा नहीं रहता क्योंकि उसी समय वे स्वयम भी यही गीत गा रही होती हैं।

गणगौर पूजन के समय कनेर के पत्ते से पूजन करती हुई वे गाती हैं-

*'गेले गेले सांप जाए, सुसराजी थांको बाप जाए'*
'गेले गेले हिरनी जाए, सुसराजी थांकी परनी जाए'
*'चूल्हा पाचे फिर उन्दरी, सासु जाने बहन सुंदरी'*
*'चूल्हा पाछ पांच पछेठा, सासू जाने म्हारा बेटा'*

विभिन्न त्योहारों अथवा मांगलिक अवसरों पर विशेष प्रकार के पकवान और वेशभूषा राजस्थानी संस्कृति की अनूठी विशेषता है। इसी प्रकार गणगौर के अवसर पर भी विशेष पकवान 'गुणे' और घेवर बनाये जाते हैं। आटे या मैदे के गुड अथवा चीनी की चाशनी पगे आठ या सोलह 'गुणों' तथा घेवर ईसर गणगौर को भोग में अर्पित किये जाते हैं।

गणगौर विसर्जन के पल बड़े भावुक होते हैं ...महिलाएं भावुक होकर गीत गाते हुए उन्हें जंवारों सहित विसर्जन के लिए ले जाती हैं ...

*म्हारा सोलह दिन को चालो रे ईसर ले चाल्यो गणगौर ...*
*मैं तो बागां में फुन्दी खाती रे ईसर ले चल्यो गणगौर ...*

मेरे सोलह दिनों की चहल-पहल गणगौर को ईसर जी अपने साथ लिए जा रहे हैं ...

घरों में सादे तरीके से की गयी पूजा का समापन भी सादगी से होता है, मगर कई स्थानों पर बड़ी गणगौर स्थापित की जाती हैं, उन्हें बाकायदा ढोल नगाड़ों के साथ ले जाकर झील/ तालाब पर विसर्जित किया जाता है, मेला भी लगता है।

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# 'उत्सव'

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### पी—10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर

फोन नं. 0141—2236743—44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com




| यूनिट | विवरण | किराया राशि |
|---|---|---|
| | **ब्लॉक ए** | |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित | 25800/- |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित | 68800/- |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 34400/- |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 34400/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे) | 800/- प्रति रूम |
| | प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) | 2500/- प्रति रूम |
| | **ब्लॉक बी** | |
| V | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित | 22000/- |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर | 25800/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) | 800/- प्रति रूम |

विशेष : ★ यूनिट V (हॉल एवं भोजनकक्ष) की किराया दर रुपये 32800/- प्रतिदिन से अब कम करके रुपये 22000/- प्रतिदिन की गई है, लाभ उठावें।

★ भवन के सभी कमरों में कुल 186 बैड स्थापित है एवं 63 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।

★ सभी यूनिट्स का किराया रुपये 211200/- प्रतिदिन है। 18% अतिरिक्त देय है।

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 3 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

**चैक इन टाइम – 12:00 PM**
**चैक आउट टाइम – 09:00 AM**

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**संचालन समिति**
(सत्र 2022–2025)

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

| विनोद कुमार तोतला | सुरेश कालानी | घनश्याम भूतड़ा | रामसहाय मांधना | सुनील बिहाणी | विपिन तोतला |
|---|---|---|---|---|---|
| चेयरमैन | सचिव | वाईस चेयरमैन (वित्त) | सह सचिव | भवन मंत्री | कोषाध्यक्ष |

सदस्य : एम.डी. बांगड़, गिर्राज प्रसाद सोढ़ानी, श्रीगोपाल भूतड़ा, कृष्ण कुमार राठी



# सनातन का संदेश देता है भारतीय नववर्ष

भारतीय संस्कृति में पुरातन काल से नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा के दिन सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरुआत की थी। इसको सृष्टि का प्रथम दिवस भी कहते हैं।

अंग्रेजी नव वर्ष के बढ़ते प्रभाव के बीच राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर भारतीय नागरिकों को सचेत करते हुए लिखते हैं कि ''ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं, है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं।'' इन पंक्तियों का आशय पूरी तरह से स्पष्ट था कि अंग्रेजी नव वर्ष हमारा अपना नहीं, बल्कि अंग्रेजों द्वारा भारतीयता को मिटाने के लिए भारत पर थोपा गया था। विसंगति यह है कि अंग्रेज जो भारत में छोड़कर गए थे, उसे हमने अपना मान लिया। उसके पीछे मूल कारण यही था कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को विस्मृत कर चुके थे। अपने स्वत्व का बोध भी हमको नहीं रहा था। जब हम स्वत्व की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसमें वह सब दिखाई देगा, जो मूल भारत की कल्पना था।

अब पहला सवाल यह आता है कि अपना मूल भारत क्या था? क्या हमें इसका भान है? यकीनन नहीं, क्योंकि आज जो भारत दिख रहा है, उसे पहले मुगलों ने अपने हिसाब से बनाया और फिर अंग्रेजों ने भारतीय समाज को हमें अपनी संस्कृति से विमुख कर दिया। विचार कीजिए कि भारत का स्वत्व क्या है? अगर भारत का स्वत्व जानना है तो हमें मुगलों से पूर्व के भारत का अध्ययन करना होगा, वही वास्तविक भारत है। आज हम भले ही अंग्रेजी दिनचर्या का उपयोग करते हैं, लेकिन आज भी यह सत्य है कि अंग्रेजी दैनंदिनी का प्रयोग हम अपने त्यौहारों में कभी नहीं करते। क्योंकि हमारे सारे त्यौहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक हैं। वे प्रकृति के हिसाब से ही तय किए जाते हैं। इसीलिए प्रारंभ से ही भारत के समस्त त्यौहार दिशा बोध कराने वाले रहे हैं। वसंत के त्यौहार को ही ले लीजिए, इसमें प्राकृतिक बोध होता है। वसंत के पश्चात् पतझड़ और फिर प्रकृति में नवीनता का उल्लास। यही उल्लास प्राकृतिक नव वर्ष का आभास कराता है। इसीलिए यही भारत का अपना नव वर्ष है, अंग्रेजों वाला नहीं।

यह प्राकृतिक संयोग ही है कि अब भारत के नागरिक अपनी मूल की ओर लौट रहे हैं। जो लोग कल तक अपने नव वर्ष मनाने वाले समाज की हंसी उड़ाता था, वे स्वयं आगे होकर नव वर्ष मनाने की ओर प्रवृत्त हो रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत अपने स्वत्व की ओर लौट रहा है। भारत के नागरिकों को यह आभास होने लगा है कि हमारा देश किसी भी मामले में दुनिया के देशों से पीछे नहीं रहा, बल्कि उसे षड्यंत्र पूर्वक पीछे कर दिया गया था। अब यह षड्यंत्र भी समझ में आने लगा है। इसलिए अब बहुत बड़ी संख्या में भारत का अपना नव वर्ष मनाने के लिए एकत्रित होने लगे हैं।

वर्तमान में जिस प्रकार से श्रद्धा और आस्था केन्द्रों पर भीड़ बढ़ रही है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा जाग्रत हो रहा है। उसे सांस्कृतिक रूप से अपने पराए का बोध हो रहा है। समाज अपने विवेक से श्रेष्ठ और बुराई के बीच तुलनात्मक अध्ययन करने लगा है। समाज के व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन आया है। जो बुद्धिजीवी पहले हर बात की अपने हिसाब से व्याख्या करते थे, आज वे भी भारतीय संस्कृति की ओर प्रवृत्त हुए हैं। इसलिए अब भारतीय समाज को भ्रमित करने के दिन बहुत दूर जा चुके हैं।

आज विश्व के कई देशों के नागरिक अपनी भोगवादी विकृति को छोड़कर भारतीय संस्कृति की ओर उन्मुख हो रहे हैं। धार्मिक दृष्टि से आस्था के क्षेत्र के रूप में विद्यमान नगरों में यह दृश्य आम हो गए हैं। आज गंगा के घाट पर विदेशी नागरिक भजन करते हुए मिल जाते हैं तो ब्रज की गलियों में कृष्ण भक्ति में लीन अनेक विदेशी नागरिक भी दिखाई देते हैं। आत्मा की शुद्धि करना है तो उसके लिए भारतीय संस्कृति ही सर्वोत्तम है। जब विदेशी लोग भारतीय संस्कृति को पसंद करके उसकी राह पर चलने के लिए आगे आ रहे हैं, तो फिर यह हमारी अपनी है। यह हमारा स्वत्व है। इसलिए हम अपना नव वर्ष धूमधाम से मनाएं और अपने जीवन को सफल करें।

## गणगौर पूजा से एक दिन पहले मनाया जाता है सिंजारा

गणगौर पूजा से एक दिन पहले सिंजारा मनाया जाता है। इस दिन घर की महिलाएं मेहंदी लगाती हैं। साथ ही गणगौर के गीत गाती हैं। सिंजारा को सिंजारा के नाम से भी जाना जाता है। यहां जानिए सिंजारा कैसे मनाते हैं।

गणगौर पूजा की कई रस्में होती हैं जिनमें से एक है सिंजारा। सिंजारा चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी लगाती हैं साथ ही अपनी पूजी हुई गणगौरों को किसी नदी, तालाब या सरोवर में जाकर पानी भी पिलाती हैं। इसके बाद दूसरे दिन शाम में उनका विसर्जन किया जाता है। चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू हुए गणगौर पर्व का समापन चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को होता है।

जिन लड़कियों की नई-नई शादी हुई है उनके पीहर से सिंजारा आता है। इस सिंजारे में मिठाई, घेवर, फल, कपड़े, चूड़ियां, गहने, मेहंदी इत्यादि चीजें होती हैं। लेकिन इस मेहंदी को लगाने से पहले इसे गणगौर माता को अर्पित किया जाता है। इसके अलावा इस दिन सुहाग पिटारी अपनी बेटी के यहां जरूर भेजी जाती है जिसमें सुहाग का सामान होता है। वहीं कई जगह नई नवेली दुल्हनें पहली बार गणगौर पूजने अपने मायके जाती हैं। तब सास अपनी बहू के लिए सिंजारे का सामान उसके मायके भेजती हैं तो वहीं बेटी के घरवाले भी लड़की की सास को सिंजारा देते हैं।

**सिंजारा में सामान–** गहने, साड़ी, मेहंदी, चूड़ियां, मिठाई, फल, घेवर।

## गणगौर पूजा का महत्व

गणगौर पूजा के दिन महिलाएं भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करती हैं। ये उत्सव होली के ठीक बाद शुरू होता है और अगले 17 दिनों तक जारी रहता है। गणगौर पूजा विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए करती हैं तो अविवाहित महिलाएं मनचाहा वर पाने के लिए। मान्यता है इस पूजा को करने से वैवाहिक जीवन में सुख बना रहता है। ■




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### जनोपयोगी भवन

# "अभिनन्दन"

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड

वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020

सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883

Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

**चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM**

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन

द्वितीय तल (Unit-II) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

चतुर्थ तल (Unit-V) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

प्रथम तल (Unit-II) : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट)

तृतीय तल (Unit-IV) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

पंचम तल (Unit-VI) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### संचालन समिति
(सत्र 2022-25)

**शांति लाल जागेटिया**
चेयरमैन

**गिरिराज प्रसाद मोदानी**
वाईस चेयरमैन (वित्त)

**अशोक कुमार फलोड़**
वाईस चेयरमैन (संचालन)

**महेश कुमार साबू**
सचिव

**सुरेन्द्र कुमार मान्धना**
सह सचिव

**राधामोहन तोतला**
भवन मंत्री

**कैलाश चन्द्र परवाल**
कोषाध्यक्ष

**सदस्यगण :** द्वारकादास सोढ़ानी, जुगलकिशोर साबू, राघव बिहानी, विनोद अजमेरा

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का होली स्नेह मिलन सम्पन्न

## हास्यम्-2025 में कवियों ने बांधा समां





श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का हास्यम्-2025 कवि सम्मेलन एवं होली स्नेह मिलन समारोह 16 मार्च, 2025 को एम.पी.एस. जवाहर नगर, तक्षशिला ऑडीटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समाज महामंत्री श्री मनोज मूंदड़ा ने बताया कि इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मंच पर उपस्थिति प्रख्यात कविगण श्री तेजनारायण शर्मा (ग्वालियर), डॉ. प्रवीण शुक्ल (दिल्ली), श्री महेन्द्र अजनबी (दिल्ली), श्री संजय झाला (दौसा), श्री रास बिहारी गौड़ (अजमेर), श्री गोविन्द राठी (शुजालपुर म.प्र.) एवं श्री प्रहलाद चांडक (जयपुर) ने काव्य पाठ किया। इन सभी कवियों को दुपट्टा, स्मृति चिन्ह एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि होली उत्सव हमारे लिए उमंग, उत्साह, स्नेह व प्रेम का संदेश लेकर आता है, जो हमें समाज से, परिवार से जोड़ने का कार्य करता है। जब तक हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम की भावना, आदर की भावना नहीं रखेंगे, तब तक एक साथ मिलकर कोई कार्य नहीं कर सकते। यह त्यौहार आते रहें और हम इस प्रकार मिलते रहें। समाज अध्यक्ष श्री केदार मल भाला ने समाज बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

**फागोत्सव में बही गीतों की बहार :** कार्यक्रम के संयोजक श्री संदीप मूंदड़ा एवं कार्यक्रम कोषध्यक्ष श्री शिव शंकर कोठारी ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि इस अवसर पर सभी माहेश्वरी परिवारों ने हास्यम्-2025 का जमकर लुत्फ उठाया। अनेक माहेश्वरी बंधुओं एवं महिलाओं ने भी फाग रचनाएँ सुनाकर श्रोताओं को आल्हादित एवं आनन्दित कर दिया और अपने हाव भाव एवं नृत्य से माहौल को आनंदमय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में ठण्डाई एवं भोजन की व्यवस्था रखी गई जिसमें लगभग 1500 माहेश्वरी बंधु एवं मातृशक्ति शामिल हुये।

### समारोह झलकियाँ











# समारोह झलकियाँ



















# समारोह झलकियाँ


















# आरोग्यम्

## A NATUROPATHY CENTER

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से





### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, ऑव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।







### उपचार सुविधाएँ

- गर्म ठण्डा सेंक
- मिट्टी पट्टी
- सर्वांग मिट्टी लेप
- कटि स्नान
- रीढ़ स्नान
- गर्मपाद स्नान
- भाप स्नान
- आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश
- एक्यूप्रेशर
- आहार चिकित्सा
- शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति
- फिजियोथैरेपी
- वैक्स बाथ
- चुम्बक चिकित्सा
- चादर लपेट

### उपचार दरें

| | |
|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 |
| वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [ साप्ताहिक-6 दिन ] | ₹ 500 |

केदार मल भाला
अध्यक्ष

मनोज मूंदड़ा
महामंत्री

चन्द्रमोहन कासट
(संयोजक)
9314460785

सम्पर्क करें : डॉ. शेखर शर्मा (कन्सलटेन्ट)
योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

समय : प्रात: 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)

# शहर में होली स्नेह मिलन आयोजित

## परकोटा में रही फागोत्सव की धूम



क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा परकोटा द्वारा फागोत्सव का आयोजन 8 मार्च 2025 को आनंदबाड़ी में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अजय नोवाल ने बताया कि यह पहला अवसर है जब पारम्परिक रूप से होली के दिन सामूहिक गोठ करने के बजाय पूर्व में फागोत्सव एवं सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 1100 से अधिक समाज बंधुओं ने अपनी भागीदारी निभाई। फागोत्सव के कोषाध्यक्ष द्वारका दास जाजू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में में श्रीमती कंचन-उमेश सोनी, विशिष्ट अतिथि में श्रीमती रेखा-शांतिलाल जी जागेटिया पधारे। साथ ही माहेश्वरी समाज जयपुर के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत करने का अवसर परकोटा सभा को प्राप्त हुआ। आयोजन में विशेष अतिथि रवि नैयर (विधायक प्रत्याशी), नीरज अग्रवाल (पार्षद) अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महसभा, प्रदेश सभा व जिला सभा के पधादिकारियों ने शिरकत की। अध्यक्ष त्रिलोक चंद्र हुरकट एवं मंत्री अनिल कुमार अत्तार ने बताया आयोजन में ठंडाई, कुल्फी, पॉपकॉर्न के साथ कच्ची रसोई एवं सब्जी रोटी की व्यवस्था की गई थी। परकोटा सभा के कोषाध्यक्ष दीपक सोनी ने बताया कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए शेखावाटी से चंग ढफ की टीम को बुलाया गया था जिन्होंने राजस्थानी भजनों और नृत्य से समा बांध दिया। उनकी ताल पर मौजूद सभी दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। बंधुओं ने फूलों की होली भी खेली। क्षेत्रीय माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष अर्चित माहेश्वरी एवं मंत्री भरत मूंदड़ा ने बताया कि इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में राजस्थानी परिधान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें सभी बंधु बहुत सुंदर-सुंदर राजस्थानी पोशाक में आए। निर्णायक मंडल ने बच्चों एवं बड़ों की श्रेणी में पोशाक के आधार पर तथा नृत्य में महिला को पुरुष में से विजेता घोषित किया जिन्हें पुरस्कृत किया गया। महिला दिवस होने के उपलक्ष पर कार्यक्रम में पधारी प्रथम 100 महिलाओं को विशेष उपहार दिए गए जिसे सभी महिलाएं प्रसन्न हुईं। बच्चे बड़े सभी बंधुओं ने वहां उपस्थित बगी और विंटेज कर की सवारी करी। कार्यक्रम के सह सह सयोजक दामोदर लोहिया, मनोज तोतला, संगीता मूंदड़ा, पूर्वी मालपानी, गौरव राठी, अक्षय झवर थे।









## श्री माहेश्वरी बंधु जोन-2




दिनांक 14 मार्च, 2025 धूलंडी के दिन उपरोक्त आयोजन सेक्टर 2 उत्सव भवन में संपन्न हुआ जिसमें विद्याधर नगर, शास्त्री नगर, सीकर हाउस, अंबाबाड़ी एवं हरमाड़ा तक के माहेश्वरी बंधुओ ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सायंकाल 6.30 दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रमोद लखोटिया, कोषाध्यक्ष श्री दामोदर फलोर, शेयर होल्डर संयोजक श्री अशोक परवाल टिकट संयोजक श्री जितेंद्र बियानी थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कोमल-सौरभ जी जाजू विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंजू श्री श्याम जी राठी स्वागताध्यक्ष श्रीमती उर्वशी निखिल जी तोतला रहे। सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र पगड़ी व स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम संयोजक श्री प्रमोद जी लखोटिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 2000 समाज बंधुओ की उपस्तिथि रही। समाज बंधुओं को सायंकाल भोजन के अतिरिक्त अनेक स्टॉल्स केसरिया ठंडाई श्रीमान अशोक जितेंद्र जी फलोड, कांजी बड़ा श्री अशोक आगीवाल राम सहाय जी मांधना, बर्फ का छत्ता श्री वेणी गोपाल आशीष जी मंत्री (गणगौर बेसन), शीतल जल श्री दीपक सोनी सूर्य प्रकाश जी लाहोटी, टन टन कुल्फी श्री संदीप मूंदड़ा जीवन जी सोमानी, पानीपुरी श्री गोपाल मूंदड़ा श्री राजेश काबरा द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त चंग डफ धमाल का आयोजन सर्वश्री बजरंग जी आशीष जी ध्रुव जी जाखोटिया द्वारा किया गया जिसमें राधा कृष्ण गोपियां व हनुमान जी की झांकी विशेष आकर्षण रही। इसके अतिरिक्त किड्स जोन श्री रमेश मंत्री श्री गिरिराज पुंगलिया टिकट विज्ञापन श्री सुमित काबरा (काबरा ऑप्टिकल्स) मुखवास व्यवस्था श्री श्यामसुंदर मोहता व प्रिंट मीडिया पार्टनर श्री अजय माहेश्वरी रहे। आप सबका कार्यक्रम में स्वागत एवं आभार प्रदर्शन किया गया।

लक्की ड्रा का आयोजन श्री सुरेश पुनीत जी तरुण जी कालानी द्वारा रखा गया जिसमें 1 बम्पर पुरस्कार व 20 अन्य पुरस्कार रखे गए।

कार्यक्रम का मंच संचालन श्री सत्यनारायण जी शारदा एवं जयन्त बाहेती द्वारा बहुत ही शायराना अंदाज में किया गया। अंत में कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष श्री दामोदर जी फलोर ने सभी आगंतुकों का आभार प्रदर्शन किया।










## चंग धमाल उत्सव : विद्याधर नगर में रंगारंग आयोजन







दिनांक 10 मार्च, 2025 को विद्याधर नगर में चंग धमाल का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शानदार आयोजन में ग्रुप फाग मस्ताने, जयपुर ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया।

ग्रुप फाग मस्ताने के श्री मनोज भरानी, श्री संजय बियानी, श्री गोपाल जाजू, श्री राहुल जाजू, श्री चेतन बाहेती, श्री अनुपम लोईवाल व श्री प्रवीण बियानी ने बताया कि इस उत्सव में लगभग 250 श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम का आनंद लिया। उनके द्वारा गाए गए पारंपरिक गीतों पर उपस्थित सभी लोग झूम उठे और नृत्य कर उत्सव की शोभा बढ़ाई। इस शानदार आयोजन के सफल समापन पर सत्कार इवेंट और TCL की ओर से सभी अतिथियों और सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## हास्य कवि सम्मेलन 'हँसी की फुहारों' का आयोजन



श्यामनगर माहेश्वरी क्लब द्वारा 6 मार्च, 2025 को दुर्गापुरा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में होली स्नेह मिलन के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन 'हँसी की फुहारों' का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध कवि हरीश हिंदुस्तानी, केसर देव मारवाड़ी एवं वेद प्रकाश दाधीच ने अपनी हास्य कविताओं से क्लब की सदस्याओं एवं आमंत्रित परिजनों को आनंदित कर दिया। माहेश्वरी महिलाओं के इस अत्यंत सक्रिय व प्रसिद्ध क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अल्का भंडारी, सचिव श्रीमती रश्मि काबरा एवं अन्य पदाधिकारियों ने कवियों का अभिनंदन किया।

## श्री माहेश्वरी बंधु जोन -3




14 मार्च, 2025 को जयपुर शहर में श्री माहेश्वरी बंधु जोन-3 का होली स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ का आयोजन रामेश्वरम गार्डन, सीकर रोड पर किया गया जिसमें विजयबाड़ी, मुरलीपुरा, झोटवाड़ा, कालवाड़ रोड, निवारू रोड, बेनाड रोड, हरमाडा और आस पास के क्षेत्र के समाज बंधुओं ने उत्साह के साथ सहभाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत सायं 5 बजे गणेश वंदना एवं भजनों से हुई।



संयोजक श्री राकेश (सोनू )लढ्ढा एवं कोषाध्यक्ष श्री दीपक काबरा ने बताया कि पिछले 36 वर्षों से यह होली स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ इस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया जा रहा है इस स्नेह मिलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मनोज-प्रज्ञा बियानी (मिनाक्षी चाय) प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुनीता एवं श्री बी. एल. खटोड (रिटायर्ड चीफ मेनेजर, SBI) एवं समाजसेवी, स्वागताध्यक्ष श्री श्रीकृष्ण-सुनीता सोमानी (प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी) की गरिमामय उपस्थिति रही सभी अतिथियों का ढ़ोल-बाजे से स्वागत किया गया।

शेयर होल्डर संयोजक श्री अश्वनी जैथलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 3000 समाज बंधुओं की उपस्थिति रही जिसमें समाज बन्धुओं को चन्दन का टीका एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया साथ ही समाज बंधुओं के लिए अनेक प्रकार की स्टाल्स की व्यवस्था रखी गई सभी ने पहले ठंडाई, पानी पताशी, स्वीटकोर्न, चाऊमीन, बर्फ गोला, भेलपुरी, कांजीबड़ा जैसी स्टाल्स का आनंद लिया स्टॉल सहयोगकर्ता श्री देवकीनंदन जाजू, श्री अरुण निर्मल दरगढ, श्री रवि पेड़ीवाल, श्री श्याम सुन्दर तोतला, श्री संदीप जाजू, श्री राजकिशोर भाला, श्री अशोक ऊषा खटोड, श्री महेश राजन सोनी, श्री नवीन-आराधना सोमानी, श्री गिर्राज राठी, श्री श्यामलाल तोतला थे। इसके पश्चात् भगवान महेश को भोग लगाकर दाल-बाटी-चूरमा प्रसादी का आनंद उठाया। इसके साथ ही समाज बंधुओं ने प्रसादी से पूर्व फूलों की होली के साथ फागोत्सव मनाया और सुप्रसिद्ध भजन गायिका तृप्ति लढ्ढा एवं गायक अमित नामा के भजनों ने समा बाँध दिया एवं राधा-कृष्ण की जीवंत झांकियों के साथ नवरंग सिंह एंड पार्टी के ढप-चंग पर सभी ने झूम-झूमकर नृत्य किया!

टिकिट संयोजक श्री रवि चांडक ने बताया कार्यक्रम में लक्की ड्रा भी रखा गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं 10 सांत्वना पुरस्कार रखे गए। पुरस्कार सभी के सामने अतिथियों द्वारा निकाले गए पुरस्कार पाकर समाजबंधुओं का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम में मंच परिचय श्री अश्वनी जैथलिया, श्रीमती ऊषा खटोड एवं श्रीमती प्रियांशी लढ्ढा ने करवाया और मंच संचालन श्री संदीप जाजू एवं गिर्राज राठी ने किया। भोजन व्यवस्था से लेकर अन्य प्रकार की व्यवस्था में अनेक कार्यकर्ताओ ने पूर्ण मनोयोग से सहयोग किया।

इस कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं के निमंत्रण पर श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर अध्यक्ष श्री केदारमल भाला, श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति तोतला, श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल सचिव श्री अखिल भाला, श्री उमेश सोनी एवं श्री शांतिलाल जागेटिया अतिथि के रूप में पधारे।

## माहेश्वरी बंधु ज़ोन -4



भगवान महेश के स्मरण एवं श्री गणपति जी की अनुकंपा से रंगों और खुशियों का सर्वप्रिय माहेश्वरी बंधु ज़ोन -4 के परिवारों का सामूहिक 'होली स्नेह मिलन एवं गोठ आयोजन' का कार्यक्रम दिनांक 14 मार्च 2025 शुक्रवार को शाम 6:00 बजे से शहनाई गार्डन, गांधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर पर धूमधाम एवं हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण राजस्थान की गौरवशाली लोक संस्कृति का सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आ धरती गोरा धोरां री' का मनोरंजक, लोक कला, गायन से परिपूर्ण रंगारंग स्टेज कार्यक्रम 'श्रीमती अंकिता माहेश्वरी एवं ग्रुप' के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। समाज बंधुओं ने स्वादिष्ट राजस्थानी चूरमा दाल बाटी भोजन, ठंडाई, रबड़ी की कुल्फी, कांजी बड़ा, स्वीट कॉर्न, पानी-पतासी सहित 121 स्वादों के बीकानेरी बर्फ़ गोला आदि व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया।

गोठ संरक्षक श्री मनोज मूंदड़ा एवं सीए श्री अनिल सारड़ा के दिशा-निर्देश, सहयोग के साथ गोठ संयोजक श्री हरीश मालू, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप साबू तथा विभिन्न समितियाँ के संयोजकों श्री मनीष सोनी, श्री चेतन बाहेती, श्री मयंक मोहता, श्री प्रवीण परवाल, श्री श्रीकिशन लढ्ढा, श्री अरविन्द मांधनिया, श्री विष्णु लढ्ढा, श्री अनिल झंवर, श्री प्रवीण जाखोटिया, श्री अमित सोढानी, श्री मुकेश भुराड़िया, श्री कन्हैयालाल बागला, श्री विमल किशोर ईनानी तथा सांस्कृतिक समिति संयोजक युगल श्री महेश जी एवं श्रीमती संगीता चांडक आदि के संग सह-संयोजकों की कुशल टीम के लगभग एक माह के अथक प्रयासों एवं सामूहिक दायित्व निर्वहन से कार्यक्रम हर्षोल्लास से शान्तिप्रद संपन्न हुआ। मधुर वाणी से मंच संचालन श्री महेश परवाल, श्रीमती सुनीता एवं श्री राजेश जैथलिया द्वारा प्रशंसनीय रहा। प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार संयोजक युगल श्री रमेश कुमार भैय्या एवं श्री द्वारका प्रसाद तापड़िया के द्वारा संपादित एक रंगीन 60 पृष्ठीय आकर्षक 'होली स्मारिका 2025' पत्रिका भी प्रकाशित की गई। यह ज़ोन 4 के 1000 से अधिक माहेश्वरी परिवारों में वितरित की गई।

विभिन्न स्टालों के साभार प्रायोजकों श्री राजेंद्र जी-श्रीमती शिमला मूंदड़ा (ठंडाई), श्री शांतिलाल जी- श्रीमती रेखा जागेटिया (रबड़ी की कुल्फी), श्री उमेश जी-श्रीमती कंचन सोनी (इनामी उपहार), श्री बजरंग लाल जी- श्रीमती उर्मिला बाहेती (जल व्यवस्था), श्री राजकुमार जी, श्री गिरिराज जी, श्री विष्णुजी लढ्ढा



(कांजीबडा), श्रीकिशन जी, श्री मनीष जी, श्री गिरीश लढ्ढा (पानी-पतासी), श्री सत्यनारायण काबरा-जेडी (मुखवास) तथा गोठ व्यवस्था के तहत स्वीट कॉर्न एवं बीकानेरी बर्फ़ गोले से कार्यक्रम की शोभा और आनंद में इजाफा हुआ।

गोठ आयोजन के मुख्य अतिथि श्री महेश जी एवं श्रीमती ममता लढ्ढा, विशिष्ट अतिथि श्री आलोक जी एवं श्रीमती अनुराधा झंवर तथा स्वागताध्यक्ष श्री सुरेंद्र जी एवं श्रीमती राजबाला (राधा) काबरा थे। समाज के गणमान्य बंधुओं समाज अध्यक्ष श्री केदारमल भाला, ईसीएमएस सचिव श्री मधुसूदन बिहानी, समाज संरक्षक श्री सत्यनारायण काबरा (मा.न.), श्री सत्यनारायण काबरा (जेडी), श्री मनोहरलाल सारड़ा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री नवल किशोर झंवर, श्री शांतिलाल जागेटिया, समाज पूर्व अध्यक्ष श्री बालकिशन सोमानी, श्री बजरंग लाल बाहेती, श्री उमेश सोनी, श्री कमल सोमानी, श्री राधेश्याम काबरा आदि की सहभागिता से सफलतम संपन्न मंनोरंजक होली गोठ की आंगतुक समाज बंधुओं ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## माहेश्वरी बंधु ज़ोन-5

### होली का पर्व आपसी खुशियां लाता है
### मेल जोल बढ़ाता है और दिखाता है अपना प्यार




दिनांक 14 मार्च 2025 को जोन 5 में होली स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में श्री गौरीशंकर जी - श्रीमती पार्वती जी आगीवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनीष जी - श्रीमती नीतू जी भूतड़ा और स्वागत अध्यक्ष के रूप में श्री बिट्ठल जी माहेश्वरी BTC सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक संध्या सजाई गई ।

सांस्कृतिक प्रोग्राम के प्रायोजक श्री सुशील जी-दीपक जी मालू रहे।

मालू बंधुओं द्वारा सांस्कृतिक संध्या के सभी कलाकारों को परितोषितक देकर सम्मानित किया गया एवं प्रवेश टिकट पर लकी ड्रॉ उपहार भी वितरित किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने शिव-गणेश वंदना पर मनमोहक प्रस्तुति दी। महिला कलाकारों द्वारा बरसाने की लठमार होली, चंग एवं राधा-कृष्ण रास पर नृत्य प्रस्तुत किया किया।

आयोजन मे लगभग 2000 समाज बंधुओं की सहभागिता रही, भोजन में तीन तरह के चूरमा, दाल, बाटी और मुखवास के साथ पूर्णता दी गई।

होली की उमंग सभी के दिल में दिख रही थी। भगवान महेश की झांकी कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रही हर सेल्फी पॉइंट पर समाज बंधुओं की भीड़ नजर आ रही थी ।कोई गोलगप्पा खाने में मस्त था तो कोई बर्फ का गोला।

कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती शशि बिजय लखोटिया और कोषाध्यक्ष श्री अनिल जी साबू थे।

Sanskriti Pre Primary School BANIPARK

# स्वर्णिम शताब्दी स्वर्णिम सफर

अद्भुत, अद्वितीय, अविस्मरणीय — Annual Show - 2nd March 2025








Chief Guest: Dr.Cheenu Agarwal



Guest of Honour: Mr. Sanjeev Sachdev

























































## श्री माहेश्वरी सेवा समिति सांगानेर- होली स्नेह मिलन आयोजित



श्री माहेश्वरी सेवा समिति सांगानेर का होली स्नेह मिलन समारोह बड़े धूमधाम से प्रताप नगर स्थित शहनाई गार्डन में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री शांतिलाल जी जागेटिया रहे। श्री माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला, संरक्षक श्री सत्यनारायण जी काबरा (मालवीय नगर), श्री सत्यनारायण जी काबरा (JD सुपारी) व अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सर्वप्रथम अध्यक्ष श्री दिनेश जी जेथैलिया ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में परस्पर सहयोग के साथ समाज के विकास कार्यों में अपना योगदान देने की बात कही। समारोह में बच्चों के लिए विभिन्न रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही लक्की ड्रॉ के आकर्षक उपहार भी वितरित किए गए। सभी माहेश्वरी बंधुओं ने ठंडाई, आइसक्रीम, पानी पताशी व कांजी बड़े के साथ भोजन का आंनद लिया। समिति के सभी संरक्षकों व आयोजनकर्ताओं को दुपट्टा व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। विशेष सहयोग के लिए श्री गोपाल बहेड़िया, श्री उमेश सोनी, श्री राधेश्याम जैथलिया, श्री मालूराम तोषनीवाल, श्री कैलाश चितलांग्या बीलवा वाले, श्री राकेश झंवर (माहेश्वरी ऑप्टिकल) एवं श्री शुभांशु काबरा (DP सुपारी) का भी विशेष आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष श्री दिनेश जेथैलिया, सचिव श्री अशोक अजमेरा, श्री ओम जेथैलिया, श्री केशव सोनी, श्री अनिल झंवर, श्री आशीष गांधी, श्री रामबाबू चितलांगिया, श्री मनोज तोषनीवाल, श्री अरविंद राठी, श्री संजय झंवर, श्री गोपाल मालपानी, श्री रामप्रसाद कांकाणी के साथ सभी पदाधिकारीगण, संरक्षकगण, समिति सदस्य, सभी कार्यकर्ता व लगभग 1000 समाज बंधु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सचिव अशोक अजमेरा ने सभी अतिथियों व समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। अंत में होली के फाग गीतों पर नृत्य के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।





## शेखावाटी मारवाड़ माहेश्वरी परिषद का होली धमाल



विद्याधर नगर स्थित जनोपयोगी भवन उत्सव में श्री शेखावाटी मारवाड़ माहेश्वरी परिषद का होली धमाल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज बंधु ने उत्साह के साथ होली के धमाल गीतों का आनंद लिया। परिषद के श्री अशोक मालू, श्री राकेश शारदा, श्री विजय डागा, श्री कमल लाहोटी, श्री अर्पित कासट ने बताया कार्यक्रम में चंग ढफ धमाल, लक्की ड्रा गिफ्ट, बेस्ट ड्रेस कपल प्राइस जैसे आकर्षण से लोगों का उत्साह बनते नजर आया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री अशोक लाहोटी के साथ समाज के गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

## महेश अस्पताल

महेश अस्पताल के मानद सचिव श्री रामअवतार आगीवाल एवं अध्यक्ष श्री तेजप्रकाश रांदड़ ने बताया कि अस्पताल के सभी सदस्यों को नये सदस्यता फॉर्म भेजे जा चुके हैं लेकिन 50% आजीवन सदस्यों के फॉर्म वापिस नहीं मिले हैं। अस्पताल के सदस्यों की विवरणिका शीघ्र ही प्रकाशित होगी। अस्पताल कार्यकारिणी के नए सत्र के चुनाव भी होने हैं। अत: अपने फॉर्म शीघ्र जमा कराएं। सदस्यों से अनुरोध है कि अस्पताल के निम्न व्यक्तियों से सम्पर्क कर सदस्यता फॉर्म तुरंत जमा करवाने का कष्ट करें।

**सहयोग कर्ता 2024-25**

| क्र.सं. | सहयोगकर्त्ता | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| 1. | श्री केदार मल जी भाला | 1,21,000 |
| 2. | श्री श्याम सुन्दर जी डागा | 11,000 |
| 3. | श्री राधा कृष्ण जी कोगटा | 1,21,000 |
| 4. | श्रीमती उमा जी परवाल | 1,21,000 |
| 5. | श्री मेहुल जी जाजू | 5,100 |


**श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर**

द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर

**मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु**

**महेश बैकुंठ रथ**

**(मोक्ष वाहिनी)**

**की सेवाएँ संचालित हैं।**



सम्पर्क सूत्र

**97859-85000, 99502-69470, 96948-68177**

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

(अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा से संबद्ध)

**सम्माननीय समाज बंधुगण,**

आपके सेवार्थ और ध्यानार्थ महासभा की संक्षिप्त कार्यप्रणाली एवं महासभा के प्रेरित ट्रस्टों की जानकारी प्रस्तुत है :- अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा करीब 130 वर्षों से समाज हितार्थ कार्यों में रत है। समाज-उत्थान के संदेश प्रसारित करना, उनको क्रियान्वित कराना महासभा का मुख्य उद्देश्य है।

जयपुर जिले में चार ग्रामीण क्षेत्रों की तहसील सभाएं, जयपुर शहर में चार क्षेत्रीय (तहसील सभा समकक्ष) सभाएं हैं। इनके भेजे प्रतिनिधियों से जयपुर जिला सभा बनती है। सीकर-झुंझनू जिला व भरतपुर-अलवर जिला सभाएं सीधी बनती है, क्योंकि इन जिलों में समाज परिवार अत्यल्प हैं।

इन सभी तीनों जिला सभाओं से प्रदेशसभा बनती है तथा महासभा के कार्यकारी मण्डल सदस्य चुनकर जाते हैं। इसी प्रक्रिया से कुल सत्ताइस प्रदेशों से महासभा कार्यकारी मण्डल सदस्य बनता है। इस तरह महासभा बनती है। इन सभी सभाओं का एक सत्र तीन वर्षों का होता है।

**महासभा से प्रेरित ट्रस्टों की जानकारी :-**

सबसे मुख्य बिन्दु यह है कि जो परिवार महासभा के सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण (ABMM SAMPARK) से पंजीकृत हैं और सही जानकारी दी गई है - वे ही परिवार सहायता योग्य माने जाते हैं।

## 1. श्रीकृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट

इस ट्रस्ट के माध्यम से वैधव्य जीवन जी रही बहनों को प्रति माह पैंतीस सौ रुपये की पेंशन दी जाती है। यह उन बहनों के लिए है, जिनके परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपयों तक है और पुत्रादि कोई कमाने वाला नहीं है। पर यदि पुत्र 24 वर्ष का है तो यह पेंशन नहीं दी जाती है। संयोगवश यदि उसी संयुक्त परिवार में यदि दूसरी बहन भी वैधव्य जीवन में है तो उनको भी पच्चीस सौ रुपये और तीसरी बहन को पन्द्रह सौ रुपये मासिक पेंशन दी जाती है। यदि कोई पचहत्तर वर्ष के वृद्ध दम्पति हैं और यदि पति सरकार से मान्यता प्राप्त दिव्यांग हैं और कोई कमाने वाला नहीं है तो उस बहन की भी मासिक पैंतीस सौ रुपये की पेंशन मिलेगी। पेंशन लेने वाली विधवा या परित्यक्ता बहन यदि पुनर्विवाह करती है तो ट्रस्ट द्वारा उस बहन को एक लाख रुपयों की एफडी प्रोत्साहन स्वरूप दी जाती है।

## 2. श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी

इस ट्रस्ट द्वारा उन बीमार परिजनों की अस्पताल के भर्ती कागजात और ऑरिजनल बिलों के अनुसार सहायता दी जाती है जिनके परिवार की वार्षिक आय चार लाख रुपयों तक है। विभिन्न बीमारियों में अलग-अलग राशि का निर्धारण किया गया है। इसकी जानकारी स्थानीय पदाधिकारीगण या संयोजक से प्राप्त की जा सकती है। इस ट्रस्ट के माध्यम से राजस्थान के उन परिवारों की सरकारी मेडीक्लेम योजना मिलेगी, जिनकी वार्षिक आय छः लाख रुपयों तक है।

यह ट्रस्ट उन समस्त माहेश्वरी संस्थाओं के द्वारा लगाए जाने वाले रक्तदान शिविरों को प्रति माहेश्वरी रक्तदाता के हिसाब से उस संस्था को एक सौ पचास रुपयों का अनुदान देता है। रक्तदाताओं की कम से कम संख्या ग्रामीण क्षेत्र में पचहत्तर और शहरी क्षेत्र में एक सौ होनी आवश्यक है। संस्था का बैंक में खाता भी आवश्यक है। मेडिकल कैंप, जिनमें कम से कम एक सौ माहेश्वरी सम्मिलित हो, के लिए भी एक निर्धारित अनुदान देने का प्रावधान है।

महिला वर्ग में सर्वाइकल कैंसर की आशंका बनी रहती है। इस हेतु ट्रस्ट ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से वार्ता कर चार हजार रुपयों की एक वैक्सीन का बारह सौ पचास रुपयों में लेना तय किया है। कैंप लगाकर लड़कियों को, जिनके परिवार की वार्षिक आय छः लाख तक है, वैक्सीन लगवाने पर ट्रस्ट छः सौ रुपयों का अनुदान देगा। उपरोक्त सभी कैंप लगाने से पहले ट्रस्ट से अनुमति लेना और ट्रस्ट का उचित साइज का बैनर लगाना अनिवार्य है।

**3. बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केन्द्र**

**4. एबीएमएम महेश भगवती बल्दवा एज्युकेशनल फाउण्डेशन**

**5. मोहिनीदेवी चुन्नीलाल सोमानी एबीएमएम फाउण्डेशन**

**6. रामगोपाल माहेश्वरी स्मृति शिक्षा केन्द्र**

उपरोक्त सभी ट्रस्टों द्वारा प्राथमिक शिक्षा से उच्चतम शिक्षा तक विभिन्न तरह से छात्रवृत्ति/अनुदान दिया जाता है। इस हेतु पदाधिकारीगण से विस्तृत जानकारी लेनी चाहिए।

**7. श्री आदित्य विक्रम बिरला मेमोरियल व्यापार सहयोग केन्द्र :** यह केन्द्र उन लघु व्यापारियों को न्यूनतम शुल्क पर पचास हजार से तीन लाख रुपयों का ऋण देता है, जिनको किस्तों में व्यापारी द्वारा पुनर्भुगतान करना होता है।

**8. माँ रत्नीदेवी काबरा माहेश्वरी महिला सशक्तिकरण ट्रस्ट**

इस ट्रस्ट द्वारा कार्यशील निर्धन बहनों को व्यवसाय के लिए प्रोत्साहन राशि अनुदान स्वरूप देकर स्वावलम्बी बनाया जाता है।

9. श्रीमती मंगला रामनिवास मानधनी एबीएमएम आवास योजना फाउण्डेशन इस ट्रस्ट द्वारा तीन लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना में फ्लैट या मकान लेने पर दो हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से तीन वर्षों तक किस्त चुकाने हेतु अनुदान दिया जाता है।

**10. एबीएमएम माहेश्वरी रिलीफ फाउण्डेशन**

महासभा के इस ट्रस्ट द्वारा आपातकालीन सहायता का प्रावधान है। इसी ट्रस्ट के अंतर्गत अयोध्याधाम में विशाल शौर्य भवन निर्माणाधीन है।

**11. श्री कोठारी बन्धु शौर्य स्मृति ट्रस्ट**

इस ट्रस्ट द्वारा साहसिक कार्य करने वाले बंधुजन, विशिष्ट कार्य करने वाले बंधुजनों का सम्मान किया जाता है।

**12. छात्रावास-** कोटा (छात्र-छात्राओं के अलग-अलग), भिलाई (छात्र-छात्राओं के अलग-अलग), दिल्ली (छात्र-छात्राओं के अलग-अलग), पूणे, भोपाल, इन्दौर, मुम्बई में है।

महासभा या ट्रस्टों की विशेष व नवीनतम जानकारी डिजिटल माध्यम से सार्वजनिक की जाती है।

## सम्पर्क सूत्र

| जुगल किशोर सोमाणी | राजकुमार धूत | सीए सत्यनारायण काबरा | शंकर लाल करवा | रामअवतार आगीवाल |
|---|---|---|---|---|
| प्रदेश अध्यक्ष | प्रदेश मंत्री | प्रदेश अर्थ मंत्री | प्रदेश संगठन मंत्री | प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संयोजक |
| 9314521649 | 9414040031 | 9414066273 | 9829051519 | 9413341614 |

# उच्च, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा सहयोग हेतु कोष संबंधी नियमावली

## 1. समिति के गठन का उद्देश्य

वर्तमान समय में उच्च, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा हेतु मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों की आर्थिक सहायता के लिए समिति का गठन किया गया है, जिससे मेधावी शिक्षार्थी अर्थ के अभाव में भी आर्थिक सहयोग प्राप्त कर अपनी पढ़ाई आसानी से पूर्ण कर सकता है। इस कारण इस समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य मेधावी व जरूरतमंद शिक्षार्थी को उच्च, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा हेतु पूर्णतया वापसी योग्य ब्याज मुक्त आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाना है।

## 2. समिति का कार्यक्षेत्र

उक्त समिति मेधावी/जरूरतमंद शिक्षार्थियों के उच्च, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के आर्थिक सहयोग हेतु कार्य करेगी।

## 3. समिति का गठन

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर (ECMS) द्वारा ''उच्च, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा सहयोग हेतु नौ सदस्यीय समिति का गठन तीन वर्ष हेतु किया गया है। इस समिति में निम्नानुसार सदस्य होंगे:

| नाम | पद |
|---|---|
| श्री बजरंग लाल बाहेती | उपाध्यक्ष (शिक्षा) (संयोजक) |
| सीए अनिल कुमार सारड़ा | कोषाध्यक्ष (ECMS)(सह संयोजक) |
| श्री रमेश मनिहार | समाज संरक्षक (सदस्य) |
| श्री मनोहर लाल सारड़ा | समाज संरक्षक (सदस्य) |
| सीए पुरुषोत्तम करनानी | (सदस्य) |
| सीए सौरभ मालपानी | (सदस्य) |
| श्री केदार मल भाला | अध्यक्ष (पदेन सदस्य) |
| श्री मधुसूदन बिहाणी | महासचिव शिक्षा (पदेन सदस्य) |
| श्री मनोज मूंदड़ा | महामंत्री (समाज)(पदेन सदस्य) |

## 4. पात्रता:-

- इस सहयोग हेतु श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के रजिस्टर्ड परिवार के सदस्य ही आवेदन कर सकते हैं।
- जरूरतमंद, मेधावी शिक्षार्थी भारत सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान से प्रोफेशनल डिग्री, विशेष प्रतियोगी परीक्षाओं में (सिविल सेवा व न्यायिक सेवा) अध्ययन हेतु उच्च, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा, प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा अध्ययन तथा प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त संस्थान से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए सहयोग प्राप्ति हेतु आवेदन कर सकता है।
- विदेश में अध्ययन हेतु शिक्षार्थी को किसी प्रकार की सहयोग राशि प्रदान नहीं की जाएगी।
- आवेदनकर्त्ता शिक्षार्थी को संबंधित प्रवेश परीक्षा (यदि कोई है तो) उत्तीर्ण करने का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। डोनेशन कोटा/मैनेजमेन्ट कोटा के आधार पर प्रवेश लेने पर यह सहायता लागू नहीं होगी।
- संघ लोक सेवा आयोग, राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं न्यायिक सेवा परीक्षा की कोचिंग के अलावा अन्य किसी भी प्रकार के कोचिंग संस्थान में अध्ययन हेतु किसी प्रकार की सहयोग राशि प्रदान नहीं की जाएगी।
- उपरोक्त सभी उद्देश्यों के लिए यदि कोई शिक्षार्थी बैंक से लोन लेता है तो ऐसे आशार्थी को बैंक द्वारा प्रदत्त शिक्षा ऋण पर लगने वाले ब्याज हेतु अधिकतम 10 लाख रुपयों तक का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त ऋण के ब्याज के पुनर्भरण की अधिकतम सीमा रुपये 10 लाख होगी। इस हेतु एक ट्राई पार्टी एग्रीमेन्ट भी किया जाएगा।

## 5. सहयोग हेतु आवश्यक दस्तावेज :

शिक्षार्थी को आर्थिक सहयोग हेतु समिति के समक्ष निर्धारित आवेदन पत्र भरकर प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत करने होंगे:

- Identity card of applicant
- Domicile certificate of applicant
- Enrollment proof
- Pan card (Self & Parents)
- Aadhaar card (Self & Parents)
- Family Income (Self, Father & Mother) Proof/Certificate (should not exceed Rs. 7 Lacs annual)
- Last two years' ITR of family

- Mark sheet of class XII / Last Degree/ Last Diploma
- Bank Account details
- Security cheque of applicant/Guardian (Total Sanction Amount)
- Two Passport size photo (Self, Father & Mother)
- Entrance rank certificate/Entrance Test Mark sheet Copy
- Bonafide certificate from college
- Fee Structure of course, hostel charges, hostel mess charges.
- Parent's declaration
- Application form should be attested by any two persons among the Samaj Patron or Past President of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur who are not the member of this committee. Samaj Membership number should be duly verified by Samaj Office.
- An agreement between the loan applicant & ECMS will be signed (Stamp fee & Notary Charges will bear by the applicant).
- CIBIL report of parents of applicant (Latest one month older from date of application.
- Cheque from Parent/Student for total repayment as per schedule date.

## 6. अधिकतम सहयोग राशि

चयनित शिक्षार्थी को संबंधित पाठ्यक्रम के लिए उसके द्वारा भुगतान की जाने वाली कुल फीस का 80 प्रतिशत अथवा 15 लाख रुपये (जो भी कम हो) तक की सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। सहयोग राशि का निर्धारण समिति द्वारा कोर्स की फीस के आधार पर किया जाएगा। उक्त समिति द्वारा सहयोग राशि का निर्धारण संस्थान की फीस तथा हॉस्टल में रहने व खाने के खर्चे के आधार पर आनुपातिक रूप से किया जाएगा। प्रार्थी के खाते में भुगतान नहीं किया जाएगा। समिति द्वारा चयनित शिक्षार्थी को प्रतिवर्ष स्वीकृत राशि को आगामी जितने वर्षों हेतु स्वीकृत की गई है, उतनी राशि आगामी वर्षों के लिए ब्लाक करनी होगी ताकि शिक्षार्थी को सुचारू रूप से प्रतिवर्ष सहयोग प्रदान किया जा सके।

- **सहयोग राशि का भुगतान:** शिक्षार्थी द्वारा देय अंशदान की राशि समिति के बैंक खाते में जमा करवाने के उपरान्त चयनित शिक्षार्थी को दी जाने वाले आर्थिक सहयोग राशि का भुगतान समिति/सोसायटी द्वारा सीधे संबंधित संस्थान के बैंक खाते में बतौर कुल देय मद में फीस (Study Fee, Hostel Fee & Mess Fee) किया जाएगा।
- वित्तीय संस्थान के साथ चयनित आवेदनकर्त्ता के अनुबंध के अनुसार प्रतिमाह किश्तों में लगने वाले ब्याज का पुनर्भरण मासिक आधार पर चयनित आवेदनकर्त्ता के बैंक खाते में किया जाएगा। चयनित शिक्षार्थी को अपने बैंक खाते से मासिक ब्याज के भुगतान का बैंक स्टेटमेन्ट उक्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा, उसके बाद ही ब्याज की राशि शिक्षार्थी के बैंक खाते में प्रदान की जाएगी।

## 7. पुनर्भुगतान संबंधी बाध्यता:

- उक्त समिति से आर्थिक सहयोग प्राप्त करने वाले शिक्षार्थी को संबंधित कोर्स की डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त करने/शिक्षा पूर्ण करने (Final Exams) के 12 माह बाद से कुल सहयोग राशि को एक समान किश्तों में अधिकतम 3 साल की समय अवधि में प्रदत्त की गई सहयोग की समस्त राशि चुकानी होगी। इस समय अवधि को अधिकतम दो साल तक बढ़ाने का अधिकार समिति का होगा।
- यदि किसी भी परिस्थिति में किसी भी चयनित शिक्षार्थी के द्वारा संबंधित अध्ययन बीच में छोड़ना पड़ता है तो उस समय तक की दी गई सहयोग राशि 12 माह के बाद से समान किश्तों में चुकाई जाएगी।
- चयनित शिक्षार्थी को समिति द्वारा निर्धारित पुनर्भुगतान सीमा के अनुसार पोस्ट डेटेड चैक (PDC) जमा करवाना आवश्यक होगा।

## 8. अन्य शर्तें :

उक्त समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चयनित शिक्षार्थी उक्त समिति से आर्थिक सहयोग लेने के उपरान्त उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर अन्य किसी संस्थान अथवा बैंक से ऋण नहीं ले सके अर्थात् शिक्षार्थी एक ही कोर्स की दो जगह से सहयोग न ले, इस बात को समिति द्वारा शपथ पत्र लेकर सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी प्राप्त आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का विवेकाधिकार/विशेषाधिकार समिति का होगा।

आवेदनकर्त्ता शिक्षार्थी को आर्थिक सहयोग प्रदान करते समय आयकर विभाग/नियामक विभागों के परिपत्रों व दिशा-निर्देशों को भी देख-परख कर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।

## 9. नियमों में संशोधन, परिवर्तन तथा परिवर्धन

उपरोक्त नियमों में संशोधन, परिवर्तन तथा परिवर्धन का सम्पूर्ण अधिकार दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

## 10. विधिक कार्यवाही

किसी भी प्रकार की विधिक कार्यवाही हेतु न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। समिति को आवेदक द्वारा लोन एग्रीमेन्ट की अवहेलना, लोन अदायगी में विलम्ब करने की परिस्थिति में विधिक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

## 11. संवाद

अध्ययन के दौरान अभिभावक एवं शिक्षार्थी द्वारा समय-समय पर समिति से संवाद किया जाएगा, जिसमें शिक्षार्थी अपनी अकादमिक एवं अन्य प्रगति से समिति से अवगत करवाएगा।

**आवेदन पत्र 'दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर' कार्यालय में उपलब्ध है**

## कृष्णधाम वृद्धाश्रम

**दानदाताओं द्वारा सहयोग राशि :** **लागत (₹)**

1. **संरक्षक Er. ज्योतिकुमार जी माहेश्वरी,** (नियमित मासिक सहयोगी) लगातार तीसरे वर्ष भी बाबत दूध, नगद 25,000
2. **सारडा जी ( जयपुर )** (नियमित मासिक सहयोगी) गुप्तदान तेल- 2 टीन, घी- 1 टिन 14,000
3. **वैभव जी सोमानी, अनुज जी मूंदडा, अभिषेक जी भूतड़ा एवं श्री लक्ष्मण जी पेडिवाल** (नियमित मासिक सहयोगी) चाय पत्ती+दालें वगैर 3,500
4. **मै. गणगौर बेसन ( आशीष जी मंत्री )** (नियमित मासिक सहयोगी) विविध राशन - लागत 6,100
5. **श्रीमती नम्रता जी मंगल ( बनीपार्क ),** (नियमित मासिक सहयोगी) विविध राशन 2,500
6. विजय लक्ष्मी जी चांडक (माहेश्वरी)- चैक (80-G) 31,000
7. गुप्तदान नास्ता सामग्री + राशन 6,150
8. श्रीमती श्रद्धा जी, राजेश जी गोल्यान-(फागोत्सव सुंदरकांड+नास्ता) 6,000
9. श्री महेश प्रसाद जी मूंदडा 5,100
10. श्रीमती प्रेमलता जी खींचा-राशन 4,900
11. समिता जी मालपानी 10 किग्रा. घी 4,800
12. फागोत्सव,अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संस्थान (गीतांजली)- अध्यक्षा-अल्का जी अजमेरा, नगद 4,500
13. श्रीमती पलक जी गौतम (जन्मदिन)- नास्ता सामग्री 3,500
14. श्री महावीर प्रसाद व निर्मला जी सरडा के वैवाहिक वर्षगांठ पर उनकी पुत्री अंशु जी मालपानी व पुत्र अभिषेक जी सारडा 3,200
15. डॉ. किरण जी-डॉ. अविनाश जी डागा (विवाह की वर्षगांठ) 3,100
16. श्री अजय जी देवानी राशन 3,000
17. श्री अनिल जी-गायत्री जी मालपानी-1500 श्रीमती मगलेश जी चौहान 1100 = कुल 2,600
18. श्रीमती सुमन जी खटोड, नास्ता सामग्री 2,500
19. श्रीमती कल्पना जी माहेश्वरी- 1100 + शकुन्तला जी धूत-बिस्कुट- 1,000 2,100
20. श्रीमती लक्ष्मीजी परवाल घी + तेल 2,100
21. श्री सुरेन्द्र जी सोमानी ने आश्रम में 400 वर्ग फुट किचन गार्डन के लिये 'हाई ब्रिड बीजो' का सहयोग दिया 2,100
22. मै. चांडक ब्रदर्श ( श्री गिरिराज जी चांडक) चायपत्ती-5kg 2,000
23. श्री गजेन्द्र जी मान्धना 1,100 + श्रीमती गायत्री फलोड़ 7,50 = 1,850

**भोजन प्रसादी एवं नास्ता ( आश्रमवासियों संग ) :-** श्रीमती उषा अग्रवाल, श्री नारायणदास परतानी, श्री रोनक पाहवा, श्री अखिलेश जाकड़, श्री महावीर प्रसाद, श्री निर्मला सारडा, श्री गौरव गोयल, श्री लक्ष्मी नारायण जी-र मा दे वी गोयल, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संस्थान (गीतांजली), श्री अनिल जी, गायत्री जी मालपानी, श्री राजकुमार कचोलिया, श्रीमती गायत्री फलोड़, श्री सुरेन्द्र हेडा, श्री प्रफुल्ल बाहेती (जन्मदिन-द्वारा ममता जी बाहेती) श्री शंभुप्रसाद बियानी, जोन न.-2 द्वारा होली प्रसादी (प्रमोदजी लखोटिया)

■ **Er. श्रीबल्लभ मारू**

(वरिष्ठजन आवास व कल्याण मंत्री) मो. 99833-11352




ईश्वर ने ये जीवन दिया है,
उसे कुछ इस तरह ही संवारने का 'मेरा मन है'!
कोई हँसता होगा थोड़ा-थोड़ा सा,
खुलकर हँसने हँसाने का 'मेरा मन है'!
किसी का तिरस्कार ना हो मुझसे कभी,
हाथों के साथ अब हृदय से नमन करने का 'मेरा मन है'!
अपनी सोच को इस तरह निखारूं मैं,
अपनी सोच को ही अपना परिचय बनाने का 'मेरा मन है'!
जो भी मुझसे शुभ कर्म करवाया ईश्वर ने,
उसकी निरंतरता बनाये रखने का 'मेरा मन है'!
अपनों के साथ हर एक पल को इस तरह जी लूँ,
ऐसे हर पल को यादों में समेटने का 'मेरा मन है'!
किसी का मन आहत नहीं हो मेरे मन से,
अपने मन को निर्मल बनाने का 'मेरा मन है'!
सागर को पार नहीं करने का ओहदा नहीं है, मेरा
बस सागर को गागर में भरने का 'मेरा मन है'!
गौ माता की ऐसी ही कृपा बनी रहे मुझ पर,
आजीवन गौ माता की सेवा में रहने का 'मेरा मन है'!
महसूस कर सकूँ रोम रोम में बसे ईश्वर को,
अपने मन को ऐसा सरल बनाने का 'मेरा मन है'!
अंत समय में तो सभी जाते ईश्वर के पास,
ईश्वर को अपने पास बुलाने का 'मेरा मन है'!
सितारों को जमीं पर लाने की बात नहीं करता हूँ,
अंततः उन सितारों की बीच आसमां में चमकने का
'मेरा मन है'
ईश्वर ने ये जो जीवन दिया है बस,
उसे इसी तरह ही संवारने का 'मेरा मन है'!

■ **दामोदर तोतला**



## नवदाम्पत्य वर–वधू को आशीर्वाद व मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएँ

| दिनांक | वर | वर के पिता/माता | वधू | वधू के पिता/माता |
|---|---|---|---|---|
| 18.02.2025 | सुमित | श्री बालकृष्ण परवाल | बानी | श्री धर्मेन्द्र जी |
| 18.02.2025 | राहुल | श्रीमती हेतल जाजू | अंकिता | श्रीमती सविता देवी लढ्ढा |
| 18.02.2025 | पुलकित | श्री महेश कुमार मालपानी | शुभी | श्री महेश मून्दड़ा |
| 18.02.2025 | अंशुल | श्री राजेन्द्र प्रसाद तोतला | अंकिता | श्रीमती मंजू देवी लोया |
| 18.02.2025 | शुभम | श्री हनुमान सहाय परवाल | मोनिका | श्री महेन्द्र कुमार खटोड़ |
| 19.02.2025 | राहुल | श्री प्रकाश चन्द्र पोरवाल | खुशी | श्री घनश्याम लाल दरक |
| 20.02.2025 | पीयूष | श्री राजकुमार सोनी | रिद्धि | श्री भवानी शंकर बाहेती |
| 21.02.2025 | अंशुल | श्री अशोक तोषनीवाल | राशि | श्री अशोक परवाल |
| 21.02.2025 | ऋषभ | श्री संजीव कुमार जी | वृंदा | श्री देवकीनंदन माहेश्वरी |
| 23.02.2025 | अश्विन | श्री ओमप्रकाश सारड़ा | वैष्णवी | श्रीमती आनन्दी देवी |
| 25.02.2025 | अक्षय | श्री जगदीश प्रसाद तापड़िया | अक्षिता | श्री दिनेश कुमार झंवर |
| 27.02.2025 | पलाश | श्री शरद कचोलिया | मेघल | श्री संजय मंत्री |
| 01.03.2025 | अंकित | श्री मोहन लाल अजमेरा | काजल | श्री दामोदर प्रसाद बिड़ला |
| 01.03.2025 | सौम्य | श्री संजय लढ्ढा | रीना | श्रीमती भगवती जी |
| 03.03.2025 | अखिल | श्री रमेश कुमार लढ्ढा | अंकिता | श्री राजेश कुमार जी |
| 03.03.2025 | दर्शन | श्री पुरुषोत्तम असावा | श्वेता | श्री संजीव मंत्री |
| 03.03.2025 | विवेक (रिकी) | श्री रोशन लाल फलोड़ | राधिका (स्वीटी) | श्री रवि काबरा |
| 03.03.2025 | रचित | श्री परशुराम बागड़ी | सोनाक्षी (रिद्धी) | श्रीमती शीनू साबू |
| 06.03.2025 | अक्षित | श्री राजकुमार जी | दीपाली | श्री श्याम सुन्दर लढ्ढा |
| 06.03.2025 | आयुष | श्री अरुण मानधना | हिता | श्री मिलिंद जी |
| 06.03.2025 | हर्ष | श्री द्वारका प्रसाद लोहिया | अनुराधा | श्री नवल किशोर राठी |

### वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएँ

| | | |
|---|---|---|
| 31.01.2025 | श्रीमती लक्ष्मीकान्ता एवं श्री देवेन्द्र कुमार मोदानी | – स्वर्ण जयन्ती |
| 22.02.2025 | श्रीमती रेणु एवं श्री सुनील असावा | – रजत जयन्ती |
| 28.02.2025 | श्रीमती ममता एवं श्री कपिल बांगड़ | – रजत जयन्ती |
| 07.03.2025 | श्रीमती बतीता एवं श्री विष्णु असावा | – रजत जयंती |
| 09.03.2025 | श्रीमती उमा एवं श्री रामकिशन सोमानी | – स्वर्ण जयन्ती |
| 09.03.2025 | श्रीमती माधुरी एवं श्री राधामोहन कचौलिया | – रजत जयन्ती |

### समाज बन्धुओं द्वारा अपने पुत्र-पुत्री के परिणयोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर आभार

| सहयोगकर्त्ता | राशि |
|---|---|
| श्री अशोक तोषनीवाल | 11,000 |
| श्री बालकृष्ण परवाल | 2,100 |
| श्रीमती हेतल जाजू | 1,100 |
| श्रीमती सविता देवी लढ्ढा | 1,100 |
| श्री जगदीश प्रसाद तापड़िया | 2,100 |
| श्री दिनेश कुमार झंवर | 5,100 |
| श्री शरद कचोलिया | 2,100 |
| श्री महेश कुमार मालपानी | 5,100 |
| श्री महेश मून्दड़ा | 5,100 |
| श्री देवकीनन्दन माहेश्वरी | 1,100 |
| श्री ओम प्रकाश सारडा | 1,100 |
| श्री हनुमान सहाय परवाल | 1,100 |
| श्री महेन्द्र कुमार खटोड़ | 500 |
| श्री रमेश कुमार लढ्ढा | 5,100 |
| श्री प्रकाश चन्द्र पोरवाल | 11,000 |
| श्री मोहन लाल अजमेरा | 2,100 |
| श्री दामोदर प्रसाद बिड़ला | 1,100 |
| श्री संजय लढ्ढा | 2,100 |
| श्री पुरुषोत्तम असावा | 2,100 |
| श्री श्याम सुन्दर लढ्ढा | 5,100 |
| श्री विष्णु असावा | 1,100 |
| श्री कपिल बांगड़ | 11,000 |
| श्री देवेन्द्र कुमार मोदानी | 1,100 |
| श्री परशुराम बागड़ी | 2,100 |
| श्रीमती शीनू साबू | 2,100 |
| श्री द्वारका प्रसाद लोहिया | 500 |
| श्री नवल किशोर राठी | 500 |
| श्री रामकिशन सोमानी | 11,000 |
| श्री राधामोहन कचौलिया | 3,100 |
| श्री संजय बियानी | 5,100 |
| श्री विकास सोमानी | 5,100 |
| श्री जगदीश प्रसाद सोमानी | 1,100 |
| श्री संजय काबरा | 11,000 |

### स्मारिका 'समर्पण' का विमोचन



'देहदान' के प्रति जनचेतना जागृत करने हेतु श्री रामदास राठी मेमोरियल ट्रस्ट, जयपुर द्वारा 'स्मारिका' का प्रकाशन किया गया है, जिसका विमोचन राज्य की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के फाउण्डर ट्रस्टी श्री कृष्ण कुमार राठी एवं श्रीमती कृष्णा राठी, समाज अध्यक्ष श्री केदार मल भाला तथा स्मारिका के संपादक श्री शिव रतन मोहता उपस्थित रहे।

### मारवाड़ी में लिखित आलेख संग्रह 'अरदास' का विमोचन



पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री जुगलकिशोर सोमाणी द्वारा बोलचाल की मारवाड़ी भाषा में लिखित सामाजिक-संस्कारित आलेखों के संग्रह 'अरदास' का विमोचन 9 मार्च 2025 को जोधपुर में आयोजित 'पश्चिमांचल' बैठक में किया गया। महासभा के भूतपूर्व सभापति एवं माहेश्वरी विचारमंच समूह के संरक्षक श्री रामपाल जी सोनी की साठवीं शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष पर इस पुस्तक का प्रकाशन संगम ग्रुप द्वारा किया गया है।

## सर्वाइकल टीकाकरण का पहला कैंप 30 मार्च को शैलबी अस्पताल में होगा

सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण कार्यक्रम का पहला कैंप जयपुर के शैलबी अस्पताल में 30 मार्च 2025 रविवार को सुबह 11 बजे से होने जा रहा है।

नव विक्रम संवत् 2082 की चैत्रशुक्ल एकम, नवरात्र के घटस्थापना के पवित्र-पावन दिवस को माहेश्वरी समाज अपनी बालिकाओं के स्वास्थ्य का पर्व मनाएगा।

अभी भी 8/9 वर्ष से 26 वर्ष तक की बालिकाएं/युवतियां गूगल फार्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकती है।

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा से प्रेरित श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी इस टीकाकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए वैक्सीन के निर्धारित मूल्य का 50% अनुदान स्वरूप दे रहा है।

सहयोगी बंधु श्री राधेश्याम जी परवाल, टीकाकरण कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका श्रीमती उमा जी परवाल, टीकाकरण कार्यक्रम के सलाहकार श्री सत्यनारायण जी मोदानी, डॉ सुरेन्द्र जी बजाज, श्री सुरेश जी कालानी, श्री उमेश जी सोनी, श्री शांतिलाल जी जागेटिया ने भी अपने-अपने अनुदान की घोषणा की है। इस कारण ABMM SAMPARK Family id के अनुसार जिन परिवारों की वार्षिक आय छः लाख रुपये तक हैं, उन परिवारों की बच्चियों को प्रथम व द्वितीय वैक्सीन निशुल्क लगाई जाएगी। छः लाख वार्षिक से ऊपर के आयवर्ग के परिवार की बालिकाओं को महासभा द्वारा निर्माता कम्पनी से विशेष छूट प्राप्त होने के कारण दो हजार रुपयों की लागत का वैक्सीन मात्र तेरह सौ रुपयों में लगेगा। इस राशि का भुगतान कैंप स्थल पर ही करना होगा।

शैलबी अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर्स इस कार्यक्रम में सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के विषय में सेमीनार भी करेंगे।

यह आयोजन पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा एवं पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सभी माहेश्वरी बंधुओं से आग्रह है कि अपनी ऊपर लिखित आयुवर्ग की बालिकाओं को यह टीकाकरण अवश्य करवाएं।


फार्म-IV (नियम-8 देखिये)

### माहेश्वरी पत्रिका जयपुर

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : जयपुर |
| 2. प्रकाशन अवधि | : मासिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : मनोज मूंदड़ा |
| राष्ट्रीयता | |
| (क) क्या आप भारत के नागरिक है? | : हाँ |
| (ख) यदि विदेशी हैं तो मूल देश | : लागू नहीं |
| पता | : श्री माहेश्वरी समाज, तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर |
| 4. प्रकाशन का नाम | : मनोज मूंदड़ा |
| राष्ट्रीयता | |
| (क) क्या आप भारत के नागरिक है? | : हाँ |
| (ख) यदि विदेशी हैं तो मूल देश | : लागू नहीं |
| पता | : श्री माहेश्वरी समाज, तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर |
| 5. सम्पादक का नाम | : संजय बियानी |
| राष्ट्रीयता | |
| (क) क्या आप भारत के नागरिक है? | : हाँ |
| (ख) यदि विदेशी हैं तो मूल देश | : लागू नहीं |
| पता | : श्री माहेश्वरी समाज, तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी है तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हैं | : श्री माहेश्वरी समाज, तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर |

**मैं मनोज मूंदड़ा एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।**

दिनांक 15.03.2025

हस्ताक्षर
मनोज मूंदड़ा
प्रकाशक





## हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**श्रेया** सुपुत्री श्रीमती सविता-विजय जाजू को हवाई विश्वविद्यालय, मानोआ, HAWAII के ईस्ट-वेस्ट सेंटर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ग्रेजुएट छात्र सम्मेलन में 'महिलाओं के अधिकार और समावेशी भविष्य, के लिए फ्रांस के École des Ponts Business School, Paris से अपना प्रतिनिधित्व' करने तथा अपने डॉक्टोरल शोध को प्रस्तुत करने पर।



**सुरभी लखोटिया** सुपुत्री श्रीमती सुलोचना-श्रीकांता प्रसाद लखोटिया को CA intermed. exam में AIR-454 अंक प्राप्त करके 43वां स्थान प्राप्त करने पर।



**अनुराधा मूंदड़ा** धर्मपत्नी श्री दीपक मूंदड़ा को श्रीमद्‌भगवद्‌गीता के अठारह अध्यायों की कण्ठस्थीकरण परीक्षा उत्तीर्ण कर गीता परिवार से गीताव्रती की उपाधि प्राप्त करने पर।



**पलक गुप्ता** सुपुत्री श्रीमती ज्योति-पुरुषोत्तम नौगजा को CAT-2024 परीक्षा में 98.57 पर्सेन्टाइल प्राप्त करने पर।



**सानिध्य राठी** सुपुत्र श्रीमती पूजा-डॉ. मनीष राठी को सी.ए. इंटरमीडिएट (दोनों ग्रुप) की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**हर्ष राठी** सुपुत्र डॉ. रुचिका एस.- संदीप राठी को सी.ए. इंटरमीडीएट (दोनों ग्रुप) को परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**आस्था माहेश्वरी** सुपुत्री श्रीमती पूजा-प्रदीप लढ्ढा को CA Foundation क्लियर करने पर।



**अक्षत भुराड़िया** सुपुत्र श्रीमती शकुंतला-अशोक भुराड़िया को सीए इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बधाई।।



**अक्षत माहेश्वरी** सुपुत्र श्रीमती सुनीता-कृष्ण गोपाल सामरिया को सी.ए. इंटरमीडीएट (दोनों ग्रुप) परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।

### आईएनए सोलर की चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर माधुरी माहेश्वरी सम्मानित




भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) को देश की मैन्युफैक्चरिंग अर्थव्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 2024 डीईटी हुरुन अवॉर्ड्स में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार आईएनए सोलर की चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर माधुरी माहेश्वरी (पुत्री श्री नवरतन पटवारी) ने कंपनी की ओर से वर्ली, मुंबई में प्राप्त किया।



**निखिल भण्डारी** सुपुत्र श्रीमती गायत्री-दिनेश चन्द्र भण्डारी को "Role of Ceiling Fans on Thermal and Acoustic Environments and their Influence... विषय पर पीएच.डी. की प्राप्त होने पर।



**नव्या राठी** सुपुत्री श्रीमती सीमा-संजय राठी को सीए इंटरमीडिएट (दोनों ग्रुप) परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बधाई।।

### महेश सेवा निधि प्रन्यास के चुनाव 20 अप्रेल को

जयपुर पूर्वोत्तर राजस्थान महेश सेवा निधि प्रन्यास के द्वितीय सत्र के चुनाव 20 अप्रेल, 2025 को सम्पन्न होंगे। इसके लिए मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मालचन्द बाहेती तथा श्री रमेश कुमार भैया एवं श्री सत्यनारायण सोमानी (श्रीमाधोपुर वाले) चुनाव अधिकारी रहेंगे। श्री माहेश्वरी सेवा सदन, चांदपोल, जयपुर में कार्यकारिणी के चुनाव एवं पदाधिकारियों के चुनाव होंगे। दिनांक 19 मार्च, 2025 तक बने सदस्य इस चुनाव में मतदाता होंगे। सभी सदस्यों को डाक/कोरियर से चुनाव सूचना प्रेषित की जायेगी।

**रामस्वरूप जाजू**
मंत्री

### 21 वर्ष की उम्र में विवाह करने वाली कन्याओं को इक्कीस हजार रुपये सम्मान राशि

जयपुर जिले के 21 वर्ष की उम्र में विवाह करने वाली माहेश्वरी कन्याओं (अधिकतम ग्यारह) को श्रीमती शकुन्तला देवी राधेश्याम परवाल फाउण्डेशन की ओर से सम्मान राशि के रूप में 21,000 रुपये दिए जायेंगे।

पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा की दिनांक 29 दिसम्बर, 2024 को जयपुर में सम्पन्न कार्यसमिति एवं कार्यकग्री मंडल की संयुक्त बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं फाउण्डेशन के अध्यक्ष राधेश्याम परवाल द्वारा समाज की कन्याओं के विलम्ब से विवाह करने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उक्त घोषणा की गई है। जयपुर जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बजाज, अथवा जयपुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्षा श्रीमती उमा सोमानी तथा फाउण्डेशन की मंत्री श्रीमती उमा परवाल से सम्पर्क किया जा सकता है।

## नर सेवा, नारायण सेवा :
## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प

भामाशाह श्री श्याम जी भण्डारी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 20 फरवरी, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढ़ा, श्री श्याम सुन्दर भण्डारी, श्रीमती सरिता डागा, श्री बालगोपाल डागा सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भामाशाह श्री भगवान जी लढ्ढा के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 27 फरवरी, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढ़ा, श्रीमती सीमा-श्री भगवान लढ्ढा सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भामाशाह श्रीमती तारामणी देवी, श्री गोविन्द राठी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 6 मार्च, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढ़ा, श्रीमती सोनिया, श्री गोविन्द राठी, श्री अश्विनी, भूमि, हीरल, नवीशा, श्री रवि बिड़ला सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



माहेश्वरी क्लब, श्याम नगर के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्री श्याम सुन्दर भण्डारी, श्रीमती अल्का भण्डारी, श्रीमती सुधा करनानी, मधु डागा, सरोज मणिहार, रश्मि काबरा, माधुरी सोनी, संगीता मोहता एवं समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




SHREE MAHESH
Fruits and Vegetables



Fresh from the farm, straight to your plate
Fresh and healthy •
Wholesale and Retail •
Home Delivery •
Resonable prices •
Desi and Foreign varities available •
Brij Mohan Bhandari (Maheshwari)
+919928955080
shrimahesh30@gmail.com


### मेडिकल इक्विपमेंट की मुफ्त सुविधा उपलब्ध

महेश सेवा संघ समिति मेडिकल इक्विपमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रही है। किसी भी बंधु को अगर जरूरत होने पर मेडिकल बेड, व्हीलचेयर, एयर बेड, वॉटर बेड, जरूरत होने निम्न जगह पर उपलब्ध रहेगा।

**संपर्क सूत्र** (चिकित्सा मंत्री)

**दीपक जाजू** 9414834235

**हेमंत मंत्री** 9829057345

### विद्युत चालित एवं पारदर्शी "जागृति अन्तिम दर्शनिका"

अन्तिम संस्कार में देरी की संभावना हो तो, मृत शरीर को ज्यों का त्यों बिना बर्फ आदि के कई दिनों तक 'जागृति अन्तिम दर्शनिका' में अन्तिम दर्शन हेतु यथा स्थिति में आपके घर पर ही रखा जा सकता है। मृत शरीर के डीकम्पोज होने व इससे होने वाले संक्रमण से परिवार व मित्र बच पाते हैं। यह सुविधा 24 घण्टे पूर्ण रूप से निःशुल्क उपलब्ध है।

**सम्पर्क सूत्र :- जयकृष्ण जाजू-98290 53031, सुदर्शन फोमरा-93140 36672, आनन्द दम्मानी-93145 00979**

### गणगौर सेवा केन्द्र

★ मेडिकल पलंग ★ व्हील चेयर ★ ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर ★ यूरिन पॉट ★ टॉयलेट पॉट ★ टॉयलेट चेयर ★ वाकर ★ स्टिक ★ बैसाखी ★ बैक रेस्ट ★ वॉटर बेड ★ एयर बेड

मानव सेवार्थ निःशुल्क (सामान्य अमानती राशि पूर्णतः वापसी योग्य) उपलब्ध

**प्रातः 8:00 से 11:00 बजे तक**
"गणगौर हाउस", प्लाट नं. 166, सेक्टर - 2, गणेश पार्क के पास, 'उत्सव' माहेश्वरी जनउपयोगी भवन के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर।
0141-2235363
+91-9314242432, +91-9024088439

**प्रातः 8:00 से रात्रि 8:00 बजे तक**
मंत्री फूड इंडस्ट्रीज, प्लाट नं. G-458C, शिव धर्मकांटे के पीछे, शिव होटल वाली गली, रोड नं. 12, विश्वकर्मा, जयपुर।
0141-4015444
+91-9309485200

# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय को प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। – **संपादक**

## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए



## वर्ग पहेली-15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| | ■ | 6 | 7 | | | | | ■ |
| 8 | 9 | | | | ■ | | ■ | 10 |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | 11 | 12 | |
| 13 | | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | |
| 17 | | 18 | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | |
| 23 | | | ■ | | ■ | 24 | | |

### संकेत : बाएँ से दाएं

1. चोली, अँगिया (3)
4. डोला (3)
6. खुशामद कर के कमाई करने वाला (6)
8. बेकार वस्तुएँ रखने की जगह (5)
11. पाँसे फेंककर गणना करने वाला ज्योतिष (3)
13. सत्य (2)
14. बहुत क्रूर व्यक्ति, बहेलिया (3)
16. हालात, परिस्थिति, तबीयत (2)
17. स्वार्थ, जरूरत (3)
19. साहित्यिकता (5)
22. राजा की सभा (6)
23. करधनी, किंकणी (3)
24. मरकट, बंदर, वनमानुष (3)

### संकेत : ऊपर से नीचे

1. गेंद (3)
2. पंक (3)
3. जंगली भैंसा (3)
4. मदिरालय (4)
5. व्यसनी (2)
7. मृदंगनुमा एक तालवाद्य (4)
9. स्काउट, गाइड (4)
10. व्यवधान (3)
12. सज्जन, महोदय (4)
13. गर्व के साथ (3)
15. रैबीला प्रभाव (4)
18. प्रलय, विनाश (4)
19. समय (3)
20. पौधा, पेड़ (3)
21. सीमा पार अवैध व्यापार करने वाला (3)
22. भस्म (2)




### वर्ग पहेली 14 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आ | 2 पा | ■ | 3 कौ | तु | 4 क | ■ | 5 आ | 6 शु |
| 7 धा | र | दा | र | ■ | 8 रा | 9 क | ■ | तु |
| 10 र | ग | ■ | ■ | 11 मि | ल | न | सा | र |
| 12 शि | म | ला | मि | र्च | ■ | क | ■ | ■ |
| 13 ला | न | ■ | ■ | म | ■ | ■ | 14 आ | 15 हा |
| ■ | ■ | 16 सा | ■ | सा | 17 म | र्ध्य | शा | ली |
| 18 व्या | या | म | 19 शा | ला | ■ | ■ | 20 ज | म |
| प | ■ | 21 ने | मि | ■ | 22 ह | म | न | वा |
| 23 क | स्था | ■ | 24 ल | क | वा | ■ | 25 क | ली |

### पिछले अंक में दी गई प्रविष्टियों में से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियाँ

1. अनाया सुपुत्री श्री कौशल होलानी (9 वर्ष)
2. निभीष सुपुत्र श्री अभिषेक माहेश्वरी (6 वर्ष)
3. ऋशान सुपुत्र श्री रवि भंसाली (7 वर्ष)
4. कविर सुपुत्र श्री रवि भंसाली (4 वर्ष)

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 16 जनवरी को स्वयंसेवी संस्था के द्वारा विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 से 12 के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## पराक्रम दिवस मनाकर स्वतंत्रता सैनानियों को किया नमन



भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को समर्पित 'पराक्रम दिवस' मनाकर नेताजी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए 23 जनवरी को 'स्वतंत्रता सैनानी एवं भारत के महान नेता' थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अंत:सदन प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग के ग्रुप 'ए' में यलो हाउस की द्रिवि अग्रवाल प्रथम तथा रेड हाउस के साद अंसारी द्वितीय स्थान पर रहे तथा ग्रुप 'बी' में रेड हाउस की हरिना भाटिया ने प्रथम और ब्लू हाउस की प्रियांशी गजराज ने द्वितीय स्थान अपने नाम किया।

## 'गुडलक पार्टी में'12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी सफलता की शुभकामनाएँ

18 फरवरी को विद्यालय में आयोजित 'गुडलक पार्टी' में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को शुभकामनाओं सहित विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री शिवरतन चितलांग्या, सुप्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि श्री रिषि भारद्वाज, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल, इंडियन आर्मी, विशिष्ट अतिथि आदरणीया श्रीमती प्रीति साबू, सुप्रसिद्ध लाइफकोच, विद्यालय के मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू, विद्यालय प्रबंध समिति एवं भवन समिति के पदाधिकारीगण तथा प्राचार्य श्री अशोक वैद ने माँ वीणापाणि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथिगण का विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारीगण ने उत्तरीय









पहनाकर व पौध प्रदान कर स्वागत किया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों का तिलक अभिनंदन किया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के द्वारा अपने सीनियर्स को विदाई दी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि गीता के अनुसार कर्मक्षेत्र में अधिष्ठान, कर्ता, करण, प्रक्रिया व प्रारब्ध के संतुलन के साथ ही कर्म पूर्ण होता है। विशिष्ट अतिथि कर्नल भारद्वाज ने प्रेरक संदेश में कहा कि मैं क्या सोचता हूँ?, लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं? हमें इन सबसे बाहर निकलकर स्वयं को समग्र रूप से पहचानते हुए समय प्रबंधन के साथ अपनी क्षमता व प्रतिभा का परिचय देना चाहिए। श्रीमती प्रीति साबू ने चाइल्डिश व चाइल्ड लाइफ एटीट्यूड बनाए रखते हुए गुरुजन व मित्रों के साथ सद्भाव बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय ने शुभकामना संदेश में कहा कि जीवन में हर लक्ष्य को साधने के लिए दृढ़संकल्पित होकर आगे बढ़ें और बोर्ड परीक्षाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। मंचासीन पदाधिकारीगण ने अतिथिगण को स्मृति चिह्न भेंट किए।

## एम.पी.एस. संस्कृति

### मकर संक्रांति उत्सव

संस्कृति के नन्हे-मुन्नों ने मकर संक्रांति का पर्व



उत्साहपूर्वक मनाया। लेवल 1 के बच्चों ने पतंग पर रंग-बिरंगी शीट की टेरिंग और पेस्टिंग कर अपनी फाइन मोटर स्किल्स को निखारा। वहीं लेवल 3 के बच्चों ने आर्ट बुक में मकर संक्रांति से संबंधित चित्र बनाए और उन्हें सुंदर रंगों से सजाया। इस गतिविधि ने बच्चों की कल्पनाशक्ति और कलात्मकता को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में त्योहारों के प्रति उत्साह और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है।

### कल्मिनेशन डे का भव्य आयोजन



15 फरवरी को कल्मिनेशन डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कल्चर ऑफ इंडिया गतिविधि में बच्चों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा धारण कर वहाँ की संस्कृति को प्रोजेक्ट्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। साइंस एक्सपेरिमेंट्स गतिविधि में बच्चों ने जलतरंग, हाइजीन मैजिक, सिंक-फ्लोट, सॉल्ट-शुगर, लीक प्रूफ बैग, उजाला मैजिक जैसे रोचक प्रयोग कर वैज्ञानिक सोच और तर्कशक्ति को विकसित किया। मॉन्टेसरी गतिविधियाँ में ब्रेनजिम, ट्रांसपोर्ट, नाटक, श्लोक, हेल्दी-अनहेल्दी फूड, फैमिली-होम, गुड मैनर्स, हेल्पर्स, फेस्टिवल और म्यूजिकल कॉर्नर जैसी गतिविधियों में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता को दर्शाया। इस आयोजन में आगंतुकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की।



## विद्यालय की कक्षा-11 वीं के प्रतिभावान छात्र चैतन्य एम सक्सेना को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय जीव दया पशु कल्याण पुरस्कार से सम्मानित किया गया



27 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में छात्र चैतन्य एम सक्सेना को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय जीव दया पशु कल्याण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पशु कल्याण में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। भारत में पर्यावरण, वन्यजीव और पशु कल्याण में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय चयन समिति द्वारा चैतन्य को इस पुरस्कार के लिए चुना गया।

वे राजस्थान में पशु कल्याण और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक दशक से अधिक समय से अथक प्रयास कर रहे हैं और पर्यावरण और पशु कल्याण में उनके योगदान के लिए उन्हें कई राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। यह पुरस्कार उन्हें नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और श्री जॉर्ज कुरियन; भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष और भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ. अभिजीत मित्रा और भारत सरकार की पशुपालन सचिव सुश्री अलका उपाध्याय द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. एस.के. दत्ता, सचिव और सुश्री प्राची जैन, सहायक सचिव, भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार ने चैतन्य एम. सक्सेना को राष्ट्रीय जीव दया पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी। चैतन्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर के प्रधानाचार्य श्री अशोक वैद तथा सम्पूर्ण विद्यालय परिवार को दिया। उन्हें राजस्थान के पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत, राजस्थान जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री जसवंत सिंह बिश्नोई और राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने बधाई दी।

गौरवानुभूति के इस अवसर पर अति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माहेश्वरी शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री केदारमल भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन बिहाणी, विद्यालय के मानद सचिव श्री अमित गट्टानी, कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार सारडा एवं भवन मंत्री श्री सुमित काबरा व प्राचार्य अशोक वैद ने छात्र चैतन्य एम. सक्सेना को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### विद्यालय के छात्रों ने आईआईटी-जेईई ( मैन्स ), 2024-25 में फहराई कीर्ति-पताका

मनुष्य कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहरनगर के 18 से भी अधिक विद्यार्थियों ने इसी उपर्युक्त कथन को आईआईटी-जेईई (मैन्स), 2024 -25 परीक्षा में उत्तम परिणाम के साथ उत्तीर्ण होकर बखूबी चरितार्थ कर दिया है। ध्यातव्य है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा-मुख्य (जेईई-मेन) भारत के कॉलेजों में इंजीनियरिंग, वास्तुकला और योजना के विभिन्न तकनीकी स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक भारतीय मानकीकृत कंप्यूटर-आधारित परीक्षा है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) जैसे प्रमुख तकनीकी संस्थानों में बी.टेक, बी.आर्क आदि कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी( एन टी ए) द्वारा परीक्षा आयोजित की जाती है, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। उन होनहार व कठिनतम श्रम साधना के धनी छात्रों के नामों का विवरण प्रतिशतक के साथ इस प्रकार है- सहेजरीत सिंह (99.90), चिन्मय खंडेलवाल(99.78), अमर शर्मा(99.59), प्रभव काबरा (98.55), गोविंद गौतम (98.48), भौमिक सेठी (96.78), नील बेरी ( 95.54), प्रथम अरोड़ा (94.48), अंश गुप्ता (94.01) लकी सैन (93.00), मिहिर खंडेलवाल (92.90) पुलकित जैन (92.45), श्रेयांश अग्रवाल (91.80 ), उत्कर्ष शर्मा (89.54), गरिमा वसुजा (88.56), सौम्य खंडेलवाल (88.21 ), तेजस्व घई (86.28), सौम्य व्यास (85.18) आदि। इस अवसर पर गर्व व हर्ष प्रकट करते हुए ईसीएमएस के अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल जी बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहाणी, कोषाध्यक्ष श्री सीए अनिल कुमार सारड़ा, विद्यालय के मानद सचिव सीए श्री अमित जी गट्टानी, भवनमंत्री श्री सुमित जी काबरा व प्राचार्य श्री अशोक जी वैद ने इन सभी सफल छात्रों को बधाइयाँ व शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### विविध अन्तरविद्यालयी प्रतियोगिताओं में लहराया जीत का परचम

विद्यालय की कक्षा-4 की छात्रा चार्वी सेवानी ने जयपुर के जी आर ग्लोबल अकेडमी में आयोजित फाइटर्स ट्रॉफी-2024, स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में कनिष्ठ वर्ग के अंतर्गत सिल्वर मैडल जीता। इसी क्रम में कक्षा-1 की छात्रा नंदिनी शेखावत ने 5 से 7 आयुवर्ग के अंतर्गत अन्तर्विद्यालयी कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय के प्राथमिक विभाग के ही छात्र ग्रहिल राज गिरधर ने आयुवर्ग-8 में जयपुर के कपिल ज्ञानपीठ स्कूल परिसर में राजस्थान एमेच्योर रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित तृतीय ओपन रोलर स्केटिंग स्टेट टूर्नामेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### बसंत पंचमी आयोजन

विद्यालय में विद्या की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती के आविर्भाव दिवस बसंत पंचमी को हर्षोल्लास से मनाया गया। विशेष प्रार्थना सभा में 'वर दे वीणा-वादिनी वर दे' प्रार्थना गीत का छात्राओं ने सस्वर गायन करते हुए भजन, कविता, भाषण द्वारा माँ वीणापणि की स्तुति की।

### MPS कहानी महोत्सव-2025






ECMS, जयपुर द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 1 व 2 फरवरी को शिल्पग्राम, जवाहर कला केन्द्र में 3 से 12 वर्ष के विद्यार्थियों में कल्पनाशीलता, संवाद और संस्कारों को सशक्त करने के उद्देश्य से 'एम.पी.एस. कहानी महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती राजू शर्मा का स्टोरी टेलर के रूप में चयन हुआ। उन्होंने अकबर-बीरबल, झीटिया और ढोलक जैसी रोचक कहानियाँ सुनाकर अपने प्रस्तुतीकरण से सभी का मन-मोह लिया। ECMS द्वारा सम्मानित करते हुए उन्हें दुपट्टा, प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिह्न यादगार स्वरूप प्रदान किए गए। इसी क्रम में विद्यालय की Art & Craft teacher श्रीमती अनीता गुप्ता ने बच्चों को अनेक प्रकार के फेस मास्क बनाने सिखाए जिससे उनकी रचनात्मकता और चिंतन कौशल को भी बढ़ावा मिला।

### बजट सेमीनार व कला प्रदर्शनी आयोजन

विद्यालय में कक्षा 11वीं व 12वीं वाणिज्य संकाय की छात्राओं द्वारा बजट सत्र व आर्ट गैलरी का सुंदर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि रूप में पधारीं सेवानिवृत्त व्यावसायिक अध्ययन व्याख्याता श्रीमती सुषमा शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर मणिपाल यूनिवर्सिटी की श्रीमती इति पाटनी, एसोसिएट प्रोफेसर कनोडिया महिला





महाविद्यालय की श्रीमती प्रीति अग्रवाल, विद्यालय के मानद् सचिव श्री प्रकाश बिड़ला, कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देकर छात्राओं ने केन्द्रीय बजट 2025 के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बजट पर अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें विशेष रूप से टैक्स सीमा में बढ़ाई गई छूट, स्वास्थ्य शिक्षा, पर्यटन, प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के सपने को परिचर्चा का विषय बनाया गया। प्रश्नकाल के दौरान शिक्षार्थियों ने पैनल से प्रश्न करके अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शानदार कव्वाली प्रस्तुत करते हुए नवाचार के रूप में उत्पाद विज्ञापन प्रस्तुत किया। पधारी हुई अतिथियों ने छात्राओं को कॅरियर सम्बन्धी विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। मानद् सचिव ने छात्राओं की विषयगत रुचि की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी शैक्षणिक के साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों को अनवरत जारी रखने की पहल की। इसी क्रम में विद्यालय कॉरिडोर में छात्राओं द्वारा जयपुर के प्रसिद्ध लघु एवं कुटीर उद्योग संबंधित सामानों को प्रदर्शित किया गया।

### विदाई समारोह 'निर्झरा' का आयोजन



15 फरवरी को विद्यालय में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए 'निर्झरा' थीम पर आधारित विदाई व शुभकामना समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथि रूप में एडवोकेट महेन्द्र जी शांडिल्य, एडवोकेट संदीप जी लुहाडिया, एडवोकेट मनीष जी गगरानी, ECMS के चेयरमैन श्री केदारमल जी भाला, विद्यालय के मानद् सचिव श्री प्रकाश बिड़ला, भवन मंत्री श्री प्रकाश काहल्या, गणमान्य पदाधिकारीगण, सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी का तिलकार्चन एवं बेज लगाकर स्वागत किया तथा कक्षा 12 की छात्राओं का भी पारंपरिक तरीके से समारोह स्थल पर स्वागत किया गया।







कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजा-अर्चन व ईश वंदना से हुआ। अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा व शॉल से अभिनंदन किया गया। मंचासीन महानुभावों ने समस्त छात्राओं को विदाई समारोह की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षाओं में कठोर परिश्रम के साथ लक्ष्य पथ पर आगे बढ़ते हुए सफलता प्राप्त करने का शुभाशीष दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला में कक्षा 11वीं व 12वीं की छात्राओं ने राजस्थानी एवं पाश्चात्य शैली के नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। Torch Presentation व Oath Ceremony द्वारा कक्षा 11 व 12 की छात्राओं को परम्पराओं, संस्कारों को आत्मसात् करने की प्रेरणा देते हुए कर्त्तव्य निर्वहन की शपथ दिलवाई गई। विद्यालय की हैडगर्ल साक्षी अग्रवाल ने विद्यालय से प्राप्त ज्ञान एवं संस्कारों के लिए भावप्रवण कृतज्ञता प्रकट की। इसी क्रम में अतिथियों को ECMS व MMC मेम्बर्स द्वारा स्मृति स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किए तथा कक्षा 12वीं की छात्राओं को भी यादगार स्वरूप फोल्डर प्रदान किए व भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## JEE Mains के परीक्षा परिणाम में बिखेरी चमक

शैक्षणिक स्तर की उच्चता व गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए विद्यालय की पाँच छात्राओं ने JEE Mains परीक्षा में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

आशका पारीक ने 99.68 पर्सेंटाइल, सोहा अली ने 98.38, याशिका अग्रवाल ने 97.83, नंदिनी डंगायच ने 92.78, व साक्षी माहेश्वरी ने 90.68 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के मानद सचिव घनश्याम जी कचौलिया व विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ सुनीता जी वशिष्ठ ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## CMA के परीक्षा परिणाम में गढ़ी सफलता की कहानी

विद्यालय से उत्तीर्ण छात्राओं ने CMA Intermediate व फाइनल परीक्षा परिणाम में अपनी दमदार उपस्थिति से विद्यालय की सुदृढ़ नींव को साबित किया। जिसमें फाइनल परीक्षा परिणाम में महक इनानी, तीशा अग्रवाल, सफलता हासिल की। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में पूर्वा अग्रवाल, नंदिनी राजोरिया, दिशा अग्रवाल, डिंपल माहेश्वरी, अनुष्का गुप्ता, अनुष्का माहेश्वरी, सिद्धि माहेश्वरी, नेहा यादव व हर्षिता गुप्ता ने सफलता प्राप्त की।




## काश्वी ने जीता पुरस्कार




विद्यालय की कक्षा सात की प्रतिभावान छात्रा काश्वी माहेश्वरी ने कला के क्षेत्र में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 94.3 my FM द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'रंगरेज़' में पुरस्कार जीता। यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी जी ने काश्वी को 4 मार्च को पुरस्कृत किया।

## CA Intermediate परीक्षा परिणाम में जीत से चमके चेहरे

विद्यालय की छात्राओं ने जनवरी 2025 की CA इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में सफलता के नए आयाम रचे, जिसमें देविका शाह, रिद्धिमा अग्रवाल, रितुल अग्रवाल, रिद्धि अग्रवाल, चाहत शर्मा, निकिता खंडेलवाल, चेल्सी रुंगटा, दिया वरदानी, कनिका खंडेलवाल, परी राठी, अनन्या गोयल और आरजू रावत ने जीत हासिल की।



## कहानी महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिया सृजनात्मक रुचि का परिचय

भारत की विराट कथा-परंपरा को नवीन आयाम प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा समिति द्वारा पहली बार आयोजित हुए विराट एवं भव्य कहानी महोत्सव में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनेकानेक गतिविधियों में अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन में अपनी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वाह किया। महोत्सव में प्रस्तावित सभी प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को दर्शाया। इस अवसर पर विद्यालय के हिंदी शिक्षक श्री प्रह्लाद चाँडक को उनके प्रथम कविता संग्रह 'युग के स्वर' के प्रकाशन के लिए सम्मानित किया गया।

## 'सायोनारा'-2025' भव्य समारोह द्वारा विद्यार्थियों को दी गई विदाई



विद्यालय के 'रुद्राक्ष' सभागार में 4 फरवरी, 2025 को विद्यालय की बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई देने हेतु 'सायोनारा'-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में पधारे श्री सुरेन्द्र भट्टर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय मारवाड़ी मंच, डॉ. तन्मय काबरा, पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर एसएमएस, मेडिकल कॉलेज, ईसीएमएस के उपाध्यक्ष (वित्त) श्री पवन बजाज, विद्यालय के मानद् सचिव सीए गणेश बाँगड़, भवन मंत्री श्री अजय सारड़ा एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण की उपस्थिति में सर्वप्रथम सरस्वती मंदिर में दीप प्रज्वलन किया गया।





विद्यालय मानद् सचिव सीए. गणेश जी बाँगड़ ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत कर विद्यार्थियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन में श्रद्धा और विश्वास के साथ सभी शक्तियों को संग्रहीत करके प्रयास करें, जिससे आप जीवन में अपने समग्र लक्ष्यों की सम्यक प्राप्ति कर सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीटा भार्गव ने जीवन में सदा नये संकल्पों के साथ लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर परिवार व समाज के प्रति उत्तरदायित्वों के निर्वाह की प्रेरणा दी। आमंत्रित अतिथि श्री सुरेन्द्र भट्टर ने अपने प्रेरणा संदेश में कहा कि व्यक्ति को अपनी रचनात्मकता को बनाए रखना चाहिए, जिससे जीवन में सकारात्मकता बढ़ने से लक्ष्य प्राप्ति का मार्ग सुगम होगा। इसी क्रम में डॉ. तन्मय काबरा ने विद्यार्थियों को अपनी पसंद के अनुसार कार्य के प्रति लगन व दृढ़ संकल्प के साथ बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के भूतपूर्व छात्र पुलकित अग्रवाल व लक्ष्य शर्मा ने अपने जीवनानुभवों द्वारा अपने अनुजों को करियर के प्रति जागरूक होने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के हैड बॉय गोविन्द शर्मा व हैड गर्ल कृति शर्मा ने बारहवीं कक्षा की ओर से विद्यालय में प्रदत्त संस्कारों को जीवनभर अपनाए रखने का संकल्प किया। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, नृत्य व गीत-संगीत से परिपूर्ण प्रभावी प्रस्तुतियाँ देकर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को नव चेतना व सकारात्मकता प्रदान कर बोर्ड परीक्षा में सफलता हेतु शुभकामनाएँ दीं।

## विद्यालय के छात्र आयुष सिंघल ने जेईई (मैन्स) 2024 में 100 परसेंटाइल के साथ रचा इतिहास




जीवन से जुड़े अवसर हमेशा कड़ी मेहनत की शक्ल में छुपे होते हैं, जो इसे पहचान लेता है और अपने लक्ष्य को पाने के लिए कठिन परिश्रम करता है, उसे सफलता अवश्य मिलती है। इस उक्ति को चरितार्थ करने वाले विद्यालय के छात्र आयुष सिंघल ने जेईई मैंस 2024-25 में राजस्थान व जयपुर सिटी टॉपर बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मैंस 2025 में कुल 14 विद्यार्थियों ने 100 परसेंटाइल प्राप्त की, जिसमें राजस्थान व जयपुर सिटी से विद्यालय के छात्र आयुष सिंघल ने 100 परसेंटाइल अर्जित कर इतिहास रचा। एनटीए द्वारा आयोजित इस परीक्षा में विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

ईसीएमएस के अध्यक्ष श्री केदारमल भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन बिहानी, कोषाध्यक्ष सीए अनिल कुमार सारड़ा, विद्यालय के मानद सचिव सीए गणेश बाँगड़, भवन मंत्री श्री अजय सारड़ा, प्रधानाचार्या श्रीमती रीटा भार्गव ने सभी को उनकी सफलता पर बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

| S. No. | Name | Percentile |
|---|---|---|
| 1 | Piyush Saini | 98.22 |
| 2 | Anwesha Mantri | 97.6 |
| 3 | Yogesh Kumar Vaishnav | 97.02 |
| 4 | Shivam Agarwal | 96.76 |
| 5 | Vaibhav Dadhich | 93.94 |
| 6 | Dewakar Jhalani | 93.5 |
| 7 | Vatsal Pareek | 93.3 |
| 8 | Arya Vijay | 93.03 |
| 9 | Manan Khandelwal | 91.04 |
| 10 | Kartik Pancholi | 90 |
| 11 | Karan Gupta | 89.6 |
| 12 | Tanishq Meena | 87.12 |
| 13 | Bhavya Jain | 85.38 |
| 14 | Karan Solanki | 84.65 |
| 15 | Krisha Jain | 83.93 |
| 16 | Kanak Sahu | 80.45 |



दिव्यांश अग्रवाल
99.94 परसेंटाइल



हर्षित जैन
99.12 परसेंटाइल



धैर्य विजय
99.04 परसेंटाइल

## महाविद्यालय की छात्राओं ने CMA Inter Exam उत्तीर्ण किया


काव्या माहेश्वरी


पलक वाधवानी

काव्या माहेश्वरी और पलक वाधवानी द्वारा CMA INTER Exam उत्तीर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता का परिणाम है।

यह उपलब्धि उन्हें Cost and Management Accountant (CMA) बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सफलता से वे विभिन्न क्षेत्रों में फाइनेंशियल एनालिसिस, कॉर्पोरेट मैनेजमेंट, ऑडिटिंग, टैक्सेशन आदि में करियर बना सकती हैं, जो उनके भविष्य के लिए सुरक्षित और उज्ज्वल करियर की ओर एक सशक्त कदम है। महाविद्यालय परिवार को उन पर गर्व है और भविष्य में उनकी और भी ऊँचाइयों तक पहुँचने की शुभकामनाएँ देता है।

## महाविद्यालय में बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन



दिनांक 2 फरवरी 2025 को महाविद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं वंदना से हुई, महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी को इस पावन पर्व की शुभकामनाएँ दीं और ज्ञान, रचनात्मकता व नवीन ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय परिवार ने माँ सरस्वती से बुद्धि, विद्या और कला के प्रसार की प्रार्थना की। यह उत्सव विद्यार्थियों के लिए संस्कृति, एकता और ज्ञान के महत्व को समझने का एक अनूठा अवसर बना, जिससे वे अपनी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास में नवीन ऊर्जा प्राप्त कर सकें।



## भूगोल विभाग द्वारा ग्रामीण सर्वेक्षण कार्य पदमपुरा गांव में किया गया

महाविद्यालय के भूगोल विभाग के एम.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्रामीण सर्वेक्षण के तहत पदमपुरा गांव में व्यापक भौगोलिक सर्वेक्षण कार्य किया। इस अध्ययन का उद्देश्य गांव के भौगोलिक स्वरूप, प्राकृतिक संसाधनों, भूमि उपयोग, जल स्रोतों और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का विश्लेषण करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर जानकारी एकत्रित की और विभिन्न भौगोलिक तकनीकों का उपयोग करके क्षेत्रीय विशेषताओं का अध्ययन किया।









## महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जयपुर मैराथन में भाग लिया







महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के विद्यार्थियों ने AU बैंक द्वारा आयोजित मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा मैराथन को झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया यह मैराथन अल्बर्ट हॉल से WTP तक आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और सामूहिक खेल भावना का परिचय दिया।











दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

## माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, बगरू ✆ 2983705, 8114410588



### बसंत पंचमी

दिनांक 1 फरवरी 2025 बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यादायिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई। शिक्षकों द्वारा इस पर्व का महत्त्व बताया गया। विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती की आराधना करते हुए श्लोक वाचन किए और जीवन में नवचेतना और नवीनीकरण का संकल्प लिया।

### कहानी महोत्सव

जवाहर कला केंद्र में ई.सी.एम.एस के तत्वावधान में भव्य 'कहानी महोत्सव' का शुभारंभ किया गया। जहाँ बच्चों को प्रसिद्ध कथा वाचकों एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न रंगों में रची-बसी कहानियाँ सुनाई गई। इस उत्सव के उद्घाटन में राजस्थान राज्यपाल श्रीमान हरिभाऊ किसनराव बागडे, डोरेमॉन फेम आर्टिस्ट सोनल कौशल, भक्त भागवत प्रभू आदि ने शिरकत की। उत्सव में कहानी लेखन क्षेत्र में अग्रणी बाल लेखकों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें एम.पी.एस, अजमेर रोड के राज विश्वास भी शामिल थे।

### महाशिवरात्रि

एमपीएस संस्कृति के प्रांगण में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव परिवार की सुंदर झाँकी सजाई गई। शिव- पार्वती के वेश में सजे छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भक्ति भावपूर्ण कार्यक्रम के अन्तर्गत भजन, नृत्य, कविताएँ प्रस्तुत की गईं। महाशिवरात्रि के इस अवसर पर बच्चों का अपने संस्कारों के प्रति लगाव देखकर पूरा विद्यालय भावुक हो गया।



### स्वच्छता अभियान

परीक्षा पूर्व बच्चों में स्वच्छता एवं सफाई के प्रति जागरूकता जागते हुए विद्यार्थियों की सहभागिता से पेड़ लगाकर, कचरा मुक्त वातावरण बनाकर स्वच्छ भारत के निर्माण का उद्देश्य रखा गया। यह बच्चों में स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार में सहायक गतिविधि रही।



### सेवानिवृत्ति समारोह

दिनांक 28 फरवरी को विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती विनिया राघव की सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम रखा गया। श्रीमती विनिया राघव ने एम.पी.एस, अजमेर रोड में 6 साल तक अध्यापन कर अपनी अमूल्य सेवाएँ दीं। इस अवसर पर मानद् सचिव श्री श्यामसुंदर तोतला, भवन सचिव श्री अरविंद मांधनिया, प्रधानाचार्य, विद्यालय स्टाफ, प्रबंध समिति के सदस्य एवं उनके परिवार जनों ने उन्हें स्मृति चिह्न एवं भेंट देकर सम्मानित किया।




### SOF ऑलंपियाड

SOF ओलंपियाड के प्रथम चरण में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक के साथ प्रमाण पत्र दिया गया।



## विदाई समारोह का आयोजन



विद्यालय में 'शुभेच्छा' थीम पर कक्षा 12 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष अतिथि श्री अशोक जी माहेश्वरी एवं नीलम जी मित्तल ने श्री गणेश व माँ सरस्वती पूजन द्वारा किया गया। विशेष अतिथि, विद्यालय सचिव श्री दीपक शारदा (कंप्यूटर इंजीनियर), भवन मंत्री श्री महेश जी चांडक, एम.एम.सी. मेंबर्स श्री राधेश्याम जी काबरा, रोशन जी अजमेरा, श्रीमती प्रीति जी, श्री मनमोहन जी भूतड़ा, राजकुमार जी अजमेरा एवं प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## फ्रांस से आए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय भ्रमण



विद्यालय में फ्रांस के ब्रेटगेन से आए स्कूल शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। स्कूल दौरे के दौरान उन्होंने कक्षाओं, लाइब्रेरी और एटीएल लैब का दौरा किया एवं डांस रूम में कुछ छात्रों के साथ राजस्थानी और फ्रेंच गाने पर नृत्य का आनंद लिया।



## साइबर अपराध एवं सुरक्षा पर सत्र आयोजित

विद्यालय में साइबर अपराध व सुरक्षा पर सत्र का आयोजन किया गया। एसएचओ, मोती डूंगरी पुलिस स्टेशन, कविता सिंह जी ने विद्यार्थियों के साथ साइबर अपराध व सुरक्षा के विषय पर चर्चा की एवं छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए। सत्र का उद्देश्य छात्रों को साइबर अपराधों एवं सुरक्षा के उपाय के बारे में जागरूक करना था।



## विशेष उपलब्धियाँ

### 'ई-क्विज' में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन

रोटरी क्लब द्वारा आदित्य इंटर डिस्ट्रिक्ट ई-क्विज आयोजन किया गया जिसमें 4500 पंजीकृत छात्र और 92 स्कूल शामिल हुए। विद्यालय के प्रंकुश अग्रवाल ने 100%, स्पर्श खंडेलवाल ने 98% और मेधांश मित्तल ने 96% अंक प्राप्त कर असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



### इंटरनेशनल ओलिंपियाड में मिला गोल्ड मेडल

विद्यालय में कक्षा 6 के छात्र अर्श हुसैन ने एसओएफ इंटरनेशनल ओलिंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल किया। अर्श ने देश में 336 एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 674वीं रैंक प्राप्त की है।






The most powerful thing in life is our thinking which has ability to change any situation.

■ **Er. Deepak Sharda**
School Secretary



दिनांक 8 फरवरी, 2025 को कक्षा 12 के विद्यार्थियों का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रांगण विद्यालय बैंड की स्वर लहरियों से गुंजायमान हो उठा। तिलक लगाकर विद्यार्थियों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने समूह गीत एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी। लघु नाटिका के माध्यम से स्मृतियों को जीवंत किया। हैड बॉय तथा हैड गर्ल ने विचार साझा किए। इस अवसर पर अतिथि श्री मनोज लढ्ढा, श्री पवन बजाज, श्री सुरेश धूत, मानद सचिव श्री अशोक कुमार भाला, भवन मंत्री श्री श्याम सुंदर जाजू, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य व प्राचार्या ने मंच को सुशोभित किया। सभी ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामना दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## विभिन्न गतिविधियाँ

- 10 फरवरी, 2025 को कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए शुभकामना समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने अभिभावकों एवं कक्षा 10 के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। हनुमान चालीसा वाचन तथा प्रेरणास्पद गीत द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सभी को प्रवेश पत्र प्रदान किए गए।
- 10 फरवरी 2025 को, कक्षा 7 से 9 तक के विद्यार्थी परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण देखने के लिए सभागार में एकत्र हुए। माननीय प्रधानमंत्री ने अपने अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को तनावरहित रहते हुए परीक्षा की तैयारी हेतु प्रेरित किया।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

**एमपीएस संस्कृति, जगतपुरा ✆ 90249 15297, 95099 80048**

mps Sanskriti School



# स्मृतिशेष स्वजनों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन

विगत दिनों समाज के कुछ बंधु/बहनों का परलोकगमन हो गया। समाज अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से उनके शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएँ प्रेषित हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।



श्रीमती राजकुमारी फलोड़
17.02.2025



श्री राजेन्द्र मालपानी
17.02.2025



श्री संजय पेड़ीवाल
18.02.2025



श्रीमती मोहिनी देवी मैनाना
20.02.2025



श्री सुशील इनानी
21.02.2025



श्रीमती कमला देवी काबरा
22.02.2025



श्रीमती मिथिलेश अजमेरा
26.02.2025



श्रीमती सरोज पटवारी (सोढ़ानी)
28.02.2025



श्री गोविन्दराम राठी
04.03.2025



श्रीमती गौरी खटोड़
04.03.2025



श्री गोपाल लाल जाखेटिया
06.03.2025



सुश्री काव्या धूत
10.03.2025



श्रीमती रतन देवी सोमानी
11.03.2025



श्री बदरी नारायण मालपानी
12.03.2025



श्रीमती पुष्पा रानी अजमेरा
13.03.2025



श्रीमती शकुन्तला देवी मोदानी
14.03.2025


KAMAL DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTRE KDRC JAIPUR

# कमल डाइग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर

0-5, हॉस्पिटल मार्ग, एस.एम.एस. हॉस्पिटल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001

(M): 93140 24888 Ph.: 0141- 2374777, 4039727 E-mail: kdrc2374777@gmail.com

Estt since 2011



सुविधाएँ

- M.R.I.
- C.T. SCAN
- सोनोग्राफी (3D/4D)



- कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्सरे
- ईको
- ई.सी.जी.
- ई.ई.जी
- सी.टी.एम.टी.
- एन.सी.वी.
- बायोप्सी
- एफ.एन.ए.सी.
- ऑडियोमेट्री

एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध

सभी प्रकार के बायोकेमिकल, हेमटोलोजिकल लेबोरेटरी टेस्ट की सुविधाएँ।

निर्मल मूंदड़ा – 98290-50202

Ray-Ban ELLE VOGUE Fastrack LACOSTE TOMMY HILFIGER ESPRIT

Mukesh Baheti
+91 98290 48022

UP TO DISCOUNT FOR MAHESHWARI'S ONLY 30%*

Baheti Optician
WHOLESALE DEALERS IN ALL KIND OF OPTICAL FRAMES & GLASSES & GOGGLE
A-13, Mall Road, Sector-1, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-13
9929076022

Shri PARASRAM Holdings Pvt. Ltd.
ANAND AJMERA
9828111112
9828019221

Shri Parasram Holdings Pvt. Ltd.
Corp. Member : NSE (CASH & FO), BSE, MCX, NCDX, DP - NSDL, CDSL
SDC Classic, G-1, Plot No. H-34, Tagore Path, Behind K.P. Automotives
Jaisingh Highway, Bani Park, JAIPUR-302016 (Raj.)
Tel. : 0141-4922271, 2207774 • Trading : 0141-4025858 Back Off
E-mail : zeesab1@hotmail.com

MITSUBISHI ELECTRIC
Changes for the Better
eco changes for a greener tomorrow

Raj Engineers
Vikas Kumar Maheshwari
Preferred Sales & Service Dealer For
Mistsubishi Electric India Pvt. Ltd.
Contact for Sale, Service, Repair, Installation of AC
502-A, Vth Floor, Gordhan Sky Mall, Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur-12
Mobile : 9828269798, 8079071116 • email : rajengjaipur@gmail.com

Shree Krishna Group
जय श्री कृष्णा प्रोपर्टीज एण्ड बिल्डर्स
Reg. No.-SCA/2016/14/993369
- डूप्लेक्स/विला/फ्लेट
- खाली भूखण्ड/रेन्टल इन्कम प्रोपर्टीज
- व्यवसायिक/औद्योगिक भूखण्ड क्रय-विक्रय हेतु
- शॉर्ट टाईम व लोंग टाईम इन्वेस्टमेंट

बिल्डिंग मेटेरियल सामान सहित भवन निर्माण हेतु
भवानी माहेश्वरी (छापरवाल) 9314651206
H.O. श्री श्याम मन्दिर के पास, रोड नं. 5 के सामने, मुरलीपुरा, सीकर रोड, जयपुर
B.O. गाँधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर 8766111100
skgroup.jaipur@gmail.com www.shreekrishnagroupindia.com

WE CREATE MEMORIES
Satkaar Event & Decorators
Satkaar Caterers
Deepak Bhandari
+91-9829051091
+91-9460951091
Rahul Jajoo
+91-9828112085
Your Trust & Safety is Our Responsibility
Wedding Planner & Event Management (Sangeet, Birthday Parties, Get Togethers)
Outdoor Food Catering, Online Sweets & Food Service's
Off. Add. :- 1156, Nirwan Marg, Jhotwara Road, Jaipur
Workshop Add. :- 34, Bansi Vihar, Gurjar Ki Thadi, Jaipur
Place Your Order (Before One Day):
Paytm 9024643576 or Cash on Delivery
Web. : www.satkaarevents.com





EXIDE
Authorised Distributor
HARI OM BATTERY
HIND MOTORS
(SINCE 1965)
DEALS IN
HEMANT MACHHAR 99287-89449
HARI KISHAN MACHHAR 94140-73249
OPP. AGARWAL COLLEGE, AGRA ROAD, JAIPUR 302004
EXIDE DEALERS
EXIDE BATTERY - TWO WHEELER, FOUR WHEELER & HEAVY VEHICLES
EXIDE INVERTORS & INVERTOR BATTERY • UPS BATTERY & SMF BATTERY

पर्ण Sudha
पार्टी की शान, पर्ण सुधा पान
100% Natural Paan Anytime
ना चूना, ना कत्था, ना सुपारी, No-पीक पान
A guilt free dessert for your sweet tooth
Paan Anytime
Choclate paan
Fruit Paan
Seed Paan
Arid (Dry) Paan
Delivery anywhere in Jaipur
Scan to Know more
Anuradha Mandhana 9351623232
A initiative by women entrepreneurs
Shivani Chitlangiya 8290001155
www.parnsudha.in
Get-together, functions, wedding & party orders are accepted. Customized outstation packing is available.

Venture Partner
SEJAL' S café & more





Outlet at Vaishali Nagar (Behind National Handloom)
Mitesh Mandhana 9829066626

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

का

# नवीन प्रकल्प



## Anandam

जनोपयोगी भवन

बी-173-174,
जगदम्बा नगर,
वैशाली नगर, जयपुर

## भवन का लोकार्पण अतिशीघ्र प्रस्तावित

### विशेष सूचना

**सदस्यता :** 'आनन्दम्' श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी भवन, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर के निर्माण का कार्य अन्तिम चरण में है। समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली जा रही है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार है:

| क्रम | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| (i) | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि |
| (ii) | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम |
| (iii) | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम |
| (iv) | प्रमुख सदस्य | 1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम |
| (v) | साधारण सदस्य | 11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम |

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या 211100000000501, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

**मनोज मूंदड़ा**
महामंत्री

**संजय माहेश्वरी** — उपाध्यक्ष (समाज)
**पवन बजाज** — उपाध्यक्ष (अर्थ)
**सुशील जाजू** — कोषाध्यक्ष (समाज)
**रविन्द्र झंवर** — अर्थमंत्री
**श्याम लाल मालपानी** — भवन मंत्री (समाज)

**भवन निर्माण समिति**

**विष्णु लढ्ढा (वैशाली नगर)** — चेयरमैन (निर्माण)
**राधेश्याम काबरा** — चेयरमैन (वित्त)
**हरीश मालू** — सचिव (निर्माण)
**हरीश भराड़िया** — सचिव (वित्त)
**विकास मोहता (चित्रकूट)** — समन्वयक (भवन)


SHRI MAHESHWARI DIALYSIS DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTER
(A Unit of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur)
210-ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर-19
फोन : 0141-2948760, 8306300304 • Email : smddrclab@gmail.com
ओपीडी (OPD)
General Medicine
Dr. Ravindra Mathur
M.D. (General Medicine)
Senior Consultant Physician & Diabetes, Thyroid Specialist
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM (SUNDAY CLOSE)
Gynaecologist
Dr. Vinita Gupta
M.B.B.S., DGO
Consultant Obstetrician and Gynaecology
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM (THURSDAY OFF)
Sonography / सोनोग्राफी
Dr. Gunwanti Malav
MBBS DMRD
Consultant Radiologist
TIMING 9:00 AM TO 1:00 PM (SUNDAY CLOSE)
Dental Care
Dr. Bharti Maheshwari
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
TIMING 9:00 AM TO 12:00 PM (SUNDAY CLOSE)
Quality Dental Care
Dental Implants
Root Canal
Teeth Whitening
Composite Fillings
Ceramic or Porcelain Crowns
and May More....
PHYSIOTHERAPHY
START / ₹250/-
स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम
लैब का समय
प्रातः 7:30 बजे से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 3 बजे (रविवार)
उचित दरों पर एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
CT एवं 2D-ECHO की सुविधाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध
DIALYSIS
START / ₹850/-
सोनोग्राफी
प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक
Digital X-Ray
200/- से शुरू
PREVENTIVE HEALTH CHECKUP
खाली पेट
Special Price / ₹2500/-
CBC
LIPID PROFILE
FASTING BLOOD SUGAR
POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
BLOOD UREA
CREATININE
URIC ACID
VITAMIN D3
VITAMIN B12
T3, T4, TSH
LIVER FUNCTION TEST
HBAIC
ESR
CALCIUM
URINE ROUTINE
PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
Blood Sugar 35/-
SGOT 40/-
Cholesterol 40/-
Creatinine 45/-
SGPT 50/-
Urine R/E 50/-
Calcium 60/-
Uric Acid 60/-
CBC 120/-
E.C.G. 100/-
Thyroid Profile 300/-
CRP 150/-
Liver Function 250/-
Hb A1C 250/-
Lipid Profile 300/-
RFT 450/-
CARDIO DIABETES PACKAGE
खाली पेट
Special Price / ₹700/-
CBC • FASTING BLOOD SUGAR
POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT
WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)
Special Price / ₹1299/-
CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST
MRI 3.0 Tesla से
Special Price / ₹3500/-
सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है, शुल्क अतिरिक्त
आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जांचें
ब्लड कलैक्शन सेन्टर
महेश सत्संग भवन, नियर जे.पी. अंडरपास, महेश कॉलोनी जयपुर,
फोन:0141-3517910, 8306300165
87, सरती नगर, जनपथ, श्याम नगर, जयपुर-19,
फोन: 0141-4924112
कलैक्शन सेन्टर्स का समय
प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक
संचालन समिति (2022-2025)
केदार मल भाला
अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
मनोज मूंदड़ा
महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
डॉ. अरुण परतानी
स्वास्थ्य मंत्री
अशोक खटोड़ (VDN)
सदस्य, प्रबन्ध समिति
9829013729
गिरिराज लढ्ढा
सदस्य, प्रबन्ध समिति
9828062736

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम



# श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39

फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416

Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com

आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें

समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)

**CT एवं Digital X-Ray**



**3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा**



**डॉ. विजेता सुल्तानिया**
MBBS, DMRD
कन्सलटेन्ट रेडियोलोजिस्ट
2D-ECHO
Timing : 9.30 AM to 1:30 PM



**डॉ. आर.सी. गुप्ता**
Sr. Doctor & Gen. Physician
Ex. Sr. MO,
Govt. H.B. Kanwatia Hospital
Physician in various famous hospitals
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM

**सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।**



**डॉ. दीपक अग्रवाल**
MBBS, MD, DNB
हृदय रोग विशेषज्ञ
2D-ECHO
Timing : 8.00 AM on Call



**डॉ. विकल्प वशिष्ठ**
MBBS (Ortho), DNB, MNAMS, MS (Ortho)
FJRS, JAF (Joint Replacement) & Arthroscopic Surgen
भारत के सुविख्यात जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ
Timing : 10.30 AM - On Call



**डॉ. मनीष जैन**
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
Timing : 11:30 AM to 12:30 PM
(सोमवार एवं गुरुवार)



**डॉ. ख्याति माहेश्वरी**
Phisiotherapist
COMP, CDNP, CIASTM,
CDCT, CKTT
Timing : 9 AM to 2 PM



**डॉ. नेहा अग्रवाल तापड़िया**
B.D.S. (Gold Medalist)
M.D.S. (Pedodontics & Preventive Dentistry)
Ex. Medical Officer at Govt. Hospital
Timing : 10 AM to 1 PM

**जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं। नोट : सैम्पल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)**

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹2500/-

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- HBAIC
- LIVER FUNCTION TEST
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)

घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 40/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price ₹700/-

- CBC • FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
- HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹1299/-

- CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
- BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
- RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
- URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 3.0 Tesla से

Special Price ₹3500/-




स्वत्त्वाधिकारी श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक- मुद्रक मनोज मूंदड़ा, महामंत्री द्वारा रेनबो प्रिन्टर्स, जयपुर से मुद्रित एवं श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003 से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक- आशीष सोमानी, सम्पादक- संजय बियानी